आज का मौसम
33.0⁰ अधिकतम तापमान
22.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.10
सूर्यास्त 05.37

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार


| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 01:51 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 19 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 59, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये

■ गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- अवैध प्रवासियों का रेड कारपेट पर हो स्वागत - 12



■ अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता सौहार्दपूर्ण माहौल में बढ़ रही आगे : पीयूष गोयल - 12



■ ट्रंप का फार्मूला: युद्धविराम की कीमत चुकाए यूक्रेन, रूस के कब्जे वाली अपनी जमीन छोड़े - 13



■ आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में कोहली और रोहित पर रहेंगी नजरें - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दीपोत्सव में पंचपर्वों का अनुपम समागम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### शांतनु झा को महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र की कमान

**मुंबई।** रियर एडमिरल शांतनु झा ने रियर एडमिरल अनिल जग्गी के बाद महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र (एमएनए) की कमान संभाली। नौसेना ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को आईएनएस कुंजली में आयोजित औपचारिक परेड में पदभार ग्रहण किया। रियर एडमिरल झा एक जुलाई, 1993 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक झा नौवहन और दिशा-निर्देशन के विशेषज्ञ हैं।

### आरोपी ने चाकू मारकर की कांस्टेबल की हत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना के निजामाबाद शहर में एक व्यक्ति ने खुद को थाने ले जाते समय 42 वर्षीय कांस्टेबल की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना 17 अक्टूबर को रात 8:30 से नौ बजे के बीच हुई।

# पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन अब ब्रह्मोस की पहुंच में : राजनाथ

## रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने दुनिया को दिया भारत की ताकत का संदेश

● भारत माता की जयघोष से सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** धनतेरस के अवसर पर शनिवार को लखनऊ आत्मनिर्भर भारत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस लिमिटेड की लखनऊ इकाई में निर्मित सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ किया। 'भारत माता की जय' के घोष के बीच जब चार मिसाइलों का पहला जत्था रवाना हुआ, तो पूरा परिसर गौरव और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अब पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है। ऑपरेशन सिंदूर तो सिर्फ एक ट्रेलर था। उन्होंने कहा कि भारत अब 'टेकर' नहीं, बल्कि 'गिवर' की भूमिका में है। ब्रह्मोस आज भारत की स्वदेशी क्षमता और वैश्विक पहचान का प्रतीक बन चुका है। राजनाथ सिंह ने बताया कि केवल पांच महीनों में लखनऊ यूनिट ने रिकॉर्ड प्रोडक्शन कर मिसाइलों की पहली खेप तैयार की है। अगले वित्तीय वर्ष में यह इकाई तीन हजार करोड़ रुपये का टर्नओवर और पांच सौ करोड़ जीएसटी राजस्व देगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ अब केवल तहजीब नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी और डिफेंस इंडस्ट्री का केंद्र बन गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि धनतेरस पर इससे बड़ा 'धन' देश के लिए और क्या हो सकता है कि सुरक्षा और अर्थव्यवस्था दोनों को नई ताकत मिली है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने बूस्टर भवन का उद्घाटन, ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रदर्शन देखा और रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। डीजी (ब्रह्मोस) ने मुख्यमंत्री को 40 करोड़ रुपये का जीएसटी चेक सौंपा।



ब्रह्मोस के अनावरण कार्यक्रम में मौजूद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सांसद दिनेश शर्मा व अन्य।

### मित्र देशों की रक्षा करने का सबसे सक्षम हथियार : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह क्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' संकल्प को साकार करने वाला है। कहा कि ब्रह्मोस केवल भारत की नहीं, बल्कि दुनिया में अपने मित्र देशों की रक्षा करने का सबसे सक्षम हथियार है। योगी ने बताया कि लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे अब तक 15,000 युवाओं को रोजगार मिला है। सीएम ने कहा कि लखनऊ की भूमि अब राष्ट्र रक्षा, उद्योग, रोजगार और विकास को एक साथ साध रही है।

## पूर्व मुख्य सचिव मनोज सिंह को नोटिस

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश के बाद हाल ही में सेवानिवृत्त हुए पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को अनियमित भुगतान के लिए 10 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस भेजा गया है। मामला खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के क्रियान्वयन के दौरान नीति निर्देशों के विपरीत चार फर्मों को अनियमित भुगतान का है। इस कार्रवाई के बाद यूपी की नौकरशाही में हलचल मच गई है। मामले को योगी बनाम केशव से भी जोड़ा जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग का भी दायित्व संभाल रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गाइडलाइन के विपरीत किए गए भुगतान को गंभीरता से लेते हुए मनोज कुमार सिंह से दस करोड़ रुपये वसूलने के निर्देश दिए हैं। इस पर उद्यान एवं खाद्य संस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने यूपीडास्प के प्रबंध वित्त व तकनीकी समन्वयक शैलेन्द्र प्रताप सिंह से दस करोड़ रुपये वसूल कर जमा करने के लिए कहा है। इसी पत्र के आधार पर पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को नोटिस भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि यूपीडास्प को खाद्य प्रसंस्करण नीति के क्रिन्यावयन के लिए 10 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई थी। पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि नोटिस आधारहीन है। मेरे खिलाफ व्यक्तिगत कार्रवाई जैसी प्रतीत होती है।

अफगानिस्तान-पाकिस्तान में चरम पर तनाव

# पाकिस्तानी हमलों में तीन क्रिकेटरों सहित आठ लोगों की मौत

● टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला नहीं खेलेगा अफगानिस्तान

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में शुक्रवार रात पाकिस्तानी हवाई हमलों में तीन स्थानीय क्रिकेटरों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा अधिकारियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों के अनुसार उरगोन जिले में यह हवाई हमला शुक्रवार देर रात हुआ जिसमें सात अन्य लोग घायल हो गए हैं। खिलाड़ियों की पहचान कबीर, सिघबतुल्लाह और हारून के रूप में की गई है। बोर्ड के अनुसार जब यह हमला हुआ, तब खिलाड़ी प्रांतीय राजधानी शरण में एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेलकर घर लौट रहे थे।

बोर्ड ने एक बयान में इन मौतों को अफगानिस्तान के खेल समुदाय के लिए एक ''बड़ी क्षति'' बताया और पीड़ितों के परिवारों और टीम के साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एसीबी ने शोक और विरोध के प्रतीक के रूप में नवंबर के अंत में होने वाली आगामी टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से हटने की घोषणा की है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था। यह हमला दोनों देशों के बीच विशेष रूप से पक्तिका और खोस्त प्रांतों में सीमा पार झड़पों में तेजी से वृद्धि के बीच हुआ है। सप्ताह के मध्य से ही अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है।

### दोनों देशों का शिष्ट मंडल दोहा रवाना

**इस्लामाबाद।** अफगान और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए कतर की राजधानी दोहा रवाना हो गए हैं। इस बैठक का मकसद दोनों देशों के बीच के तनाव को कम करना है। पिछले कुछ दिनों में हुई लड़ाई में दोनों पक्षों के दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए। तालिबान सरकार ने शनिवार को कहा कि अफगान प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी के प्रमुख शामिल हैं। वहीं, एक दिन पहले पाकिस्तान के सरकारी प्रसारक 'पीटीवी' ने कहा था कि पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल शनिवार को दोहा रवाना होगा।









# धनतेरस, दीपावली व भाईदूज की ढेरों मंगलकामनाएँ

## फर्रुखाबाद परिशिष्ट




MAJOR SD SINGH UNIVERSITY
Recognised by UGC Under Section 2(f) of UGC Act 1956
Bhojpur, Kanpur Road, Fatehgarh, Farrukhabad (U.P.)

आप सभी को
दीपावली, भैया दूज एवं छठ पूजा की
हार्दिक शुभकामनाएं

Contact No. 7064666666

Cources Offered

B.A.M.S. | 4½ Year
M.Pharm | Two Year (Lateral Entry Available)
B. Pharm | FourYear
D. Pharm | Two Year
Contact No. 87951 31868
Dip in Agriculture One Year
B.Sc. Agriculture
M.Sc. Agriculture (All Subject)
Contact No. 74084 34163
B. Tech (Leteral Entry Available) M.Tech
PGDCA Polytechnic
Contact No. 63934 63281
Application are Invited for admission to
Ph.D. Programme

L.L.B. | Three Year
B.A. L.L.B. / B.B.A. L.L.B. | Five Year
L.L.M. | OneYear & Two Year
Contact No. 63934 23626
M.Sc. Nursing
Post Basic B.Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
G.N.M., A.N.M.
Diploma Cources- O.T. Technician, Optometry, Physiotherapy
Contact No. 8543003571
B.B.A. B.C.A.
M.B.A. M.C.A.
Contact No. 63934 63281

Website : www.msds.ac.in
Email : enquiry@msds.ac.in
Other Courses
B.Sc., M.Sc., B.A., M.A., B.Com., M.Com., B.Lis. M.Lis, D.El.Ed.



आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ





श्री ज्वैलर्स
कानपुर रोड, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद
प्रो० विवेक अग्रवाल



आप सभी को धनतेरस, ज्योति पर्व दीपावली व स्नेह पर्व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ





व्यासमुनि पाण्डेय
'ए' क्लास राजकीय ठेकेदार
फतेहगढ़, फर्रुखाबाद



आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ
मेसर्स मानस कांस्ट्रक्शन्स
जय नरायन वर्मा रोड, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद





जवाहर मिश्रा
'ए' क्लास राजकीय ठेकेदार एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायी





आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ





कमलेश पाठक
ए क्लास काण्ट्रेक्टर, फर्रुखाबाद

अंजली पाठक
पूर्व ब्लाक प्रमुख
हरपालपुर, जिला हरदोई





आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली, भाईदूज व छठपूजा की बहुत-बहुत बधाई





मेसर्स माँ विन्ध्यवासिनी कन्स्ट्रक्शन्स
जय नरायन वर्मा रोड, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद
माँ विन्ध्यवासिनी धर्मकाँटा
हॉटमिक्स प्लाण्ट
पिपरगाँव, फर्रुखाबाद





आशुतोष त्रिपाठी
ओमप्रकाश त्रिपाठी





'ए' क्लास राजकीय ठेकेदार





सूर्य प्रकाश त्रिपाठी
आशीष कुमार त्रिपाठी




# धनतेरस, दीपावली व भाईदूज की ढेरों मंगलकामनाएँ

## फर्रुखाबाद परिशिष्ट



प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ। हम आपके सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना करते हैं।
वरिष्ठ पत्रकार पंकज मिश्रा, मोहनलाल गौड़ व अनिल मिश्रा

आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व स्नेह पर्व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ

**मेसर्स कुँवर बहादुर श्रीकृष्ण गुप्ता**
**निर्माता : मोनी सादा**






प्रवीन कुमार गुप्ता | श्रेयस गुप्ता | गोपाल गुप्ता

नक्कालों से सावधान! मोनी सादा होलोग्राम देखकर ही खरीदें।

राजपूताना ग्रुप की ओर से समस्त जनपदवासियों को धनतेरस, ज्योति पर्व दीपावली व भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएँ



**ठा0 वीरेन्द्र सिंह राठौर**
चेयरमैन

प्रतिष्ठान : ☞राठौर टी.वी.एस., बढ़पुर।
☞राजपूताना होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट बढ़पुर
☞करुणा इन्फ्राटेक बढ़पुर
राजपूताना पब्लिक स्कूल, विद्या धाम, जहानगंज रोड, बघार, फर्रुखाबाद।

आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व स्नेह पर्व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ



**विमल यादव**
ग्राम प्रधान
**दिलीप कुमार**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बैरमपुर, ब्लाक शमसाबाद, फर्रुखाबाद

आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ



**मांझी फैमिली रेस्टोरेंट**
सभी प्रकार के भोजन व फास्ट फूड व्यंजन की उचित व्यवस्था
निकट रिलायन्स पेट्रोल पंप, बिजाधरपुर तिराहा, बरेली-इटावा बाईपास रोड, फर्रुखाबाद। मो0 9450109165
**प्रो0 देवेन्द्र सक्सेना**

धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ



**अजय गुप्ता**



आर्यन गुप्ता एवं नैतिक गुप्ता



**मैसर्स -कुँवर बहादुर श्रीकृष्ण**
कायमगंज (फर्रुखाबाद)
ब्रांड- मोनी सादा एवं मनी मैक्स

आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ



**रेडियेण्टो हॉस्पिटल**
बाग लकूला, फर्रुखाबाद
**प्रो0 जितेन्द्र सिंह राजावत**
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा

आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ



**अनिल प्रताप सिंह राठौर**
जिलाध्यक्ष संस्कार भारती,
प्रदेश सचिव क्षत्रिय महासभा




आप सभी को धनतेरस, प्रकाश पर्व दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ



**विजय यादव**
प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी
- चेयरमैन : गिरिजा देवी डिग्री कॉलेज सकवाई, मोहम्मदाबाद
- के.वी. फिलिंग स्टेशन बेवर रोड, सेण्ट्रल जेल चौराहा
- गिरिजा देवी ग्रीश बाबू कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0, रखा रोड, फतेहगढ़ फर्रुखाबाद
- कुमार ईंट भट्टा, जे.बी. ईंट भट्टा

## न्यूज ब्रीफ

### नाटक काकोरी का मंचन कर लूटी वाहवाही

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद-यूपी ट्रेड शो स्वदेशी उत्पाद बिक्री मेला के मंच पर समापन के अंतिम दिन देश भक्ति से सराबोर नाटक काकोरी का मंचन नक्श थिएटर के कलाकारों ने अमित सक्सेना के निर्देशन में किया। शनिवार को शहर के क्रिश्चियन इंटर कालेज के ग्राउंड में चल रहे स्वदेशी उत्पाद मेला में नक्श थिएटर के कलाकारों ने स्वतंत्रता संग्राम की कहानी नाटक काकोरी की गूंज नाटक की शानदार प्रस्तुति दी जिसे देखकर पूरा सदन वन्दे मातरम्, भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सासंद मुकेश राजपूत ने कलाकारों के अभिनय की सराहना कर उन्हें सम्मानित किया। नाटक के मुख्य पात्र के रूप में अमित सक्सेना ने मुख्य राम प्रसाद विस्मिल की भूमिका अदा की। उन्होंने बताया कि इस नाटक में जलियां वाले बाग कांड से लेकर काकोरी एक्शन और अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के फांसी तक की कहानी का मंचन किया गया।

### खुदाई में निकली भगवान बुद्ध की मूर्ति

**फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र में खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध की मूर्ति निकलने से बुद्ध अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अनुयायियों ने खुशी में बुद्धि मूर्ति की पूजा की। कंम्पिल थाना के मोहल्ला कोट में राजेश मिश्रा के खेत में टीला है। ऋषभ गुप्ता ने राजेश के खेत को खरीद लिया है। ऋषभ गुप्ता द्वारा जेसीबी से टीले की खुदाई कर मिट्टी बेची जा रही है। पडोसी ग्राम दूदेमई निवासी पूरनलाल शाक्य ने भराव के लिए मिट्टी खरीदी है। शनिवार जब टैक्टर ट्राली से मिट्टी भराव के लिए डाली गई तभी उसमें मूर्ति दिखाई पड़ी। निकले जाने पर देखा गया की करीब 50 किलो वजनी मूर्ति तथागत गौतम बुद्ध की है। मूर्ति में चारों तरफ भगवान बुद्ध की आकर्षक प्रतिमा है। इस मूर्ति को गांव के श्याम पाल शाक्य के चबूतरे पर रखा गया। कम्पिल के बौद्धाचार्य कैलाश चंद्र शाक्य, राजीव शाक्य आदि ग्रामीणों ने अगरबत्ती जलाकर भगवान बुद्ध की पूजा की। बुद्ध अनुयाइयों ने तथागत की मूर्ति के निकलने पर काफी खुशी जाहिर की।

### व्यापारी ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली के ग्राम नवदिया निवासी अनोज श्रीवास्तव (35) पुत्र स्व. हरविलास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह समोसा बेचकर अपनी जीविका चलाता था। शनिवार को अनोज ने घर के पंखे के कड़े में अपनी पत्नी की साड़ी से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गयी। बीते लगभग दस साल पूर्व अनोज की पत्नी ने भी फांसी लगाकर जान दे दी थी। घर वालों ने आनन-फानन में लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने अनोज श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया।

### धनतेरस पर खूब बिके आभूषण और बर्तन

**फर्रुखाबाद।** जनपद में धनतेरस के अवसर पर बाजार में रौनक रही। आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान की जबरदस्त बिक्री हुई। ग्राहकों को लुभाने के लिए आकर्षक ऑफर भी दिए गए। सर्राफा बाजार में कम वजन के सोने के सिक्के और चांदी के आभूषण इस वर्ष आकर्षण का केंद्र रहे। लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों के साथ सजावट के सामानों की खूब बिक्री हो रही है। धनतेरस का दिन खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है।

# धनतेरस पर बाजारों में हुई धनवर्षा

## पूजन सामग्री की दुकानों पर उमड़ी भीड़, मूर्तियों और हॉलमार्क आभूषणों की खूब रही मांग

औरैया टीम

**अमृत विचार।** शनिवार को धनतेरस पर्व पर बाजारों में खासी भीड़ देखने को मिली। इलेक्टानिक्स, बर्तन, सोना-चांदी की जमकर खरीदारी हुई। शहर के लौंग बाजार में सोना व चांदी की जमकर खरीदारी हुई। वहीं, प्राइम इलेक्टानिक्स में भी ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गश्त करती नजर आई।


धनतेरस पर फफूंद में इलेक्ट्रानिक सामान खरीदने पहुंचे लोग। अमृत विचार

फफूंद संवाददाता के अनुसार धनतेरस और दीपावली के महापर्व की शुरुआत के साथ ही बाज़ारों में रौनक लौट आई है। शुक्रवार को पूजन सामग्री की दुकानों पर खासी भीड़ देखने को मिली।मूर्ति विक्रेता ने बताया ग्राहकों का रुझान बाज़ार में मूर्ति बेच रहे राम कुमार ने बताया इस बार लोग विशेष रूप से कलात्मक और हल्की मिट्टी की मूर्तियों की मांग कर रहे हैं, जिनकी कीमत 100 रुपये से 5000 रुपये तक है। ग्राहकों में सिंहासन पर बैठी लक्ष्मी-गणेश की जोड़ी का रुझान ज़्यादा है। हमें उम्मीद है कि धनतेरस की बिक्री कई गुना बढ़ जाएगी। हॉलमार्क आभूषणों की बिक्री भी बढ़ी धनतेरस पर आभूषणों की खरीदारी शुभ मानी जाती है। इसके चलते सोने-चांदी की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। लोग हॉलमार्क वाले आभूषणों को प्राथमिकता दे रहे हैं। हॉलमार्क आभूषणों पर शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए पांच आवश्यक चिह्न होते हैं, जिनमें कैरेट में शुद्धता का अंक, हॉलमार्किंग केंद्र का मार्का, वर्ष का अल्फाबेट निशान और सराफा कारोबारी का निशान शामिल है। दीपावली 20 अक्टूबर को देखते हुए बाज़ार में उत्सव का माहौल है

अछल्दा संवाददाता के अनुसार धनतेरस के अवसर पर शनिवार को अछल्दा कस्बे के बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी। खरीदारी के उत्साह के कारण फाटक से लेकर नहर बाजार तक मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखी गई। इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन, मोबाइल, सोना-चांदी, मिठाई और खिलौनों की दुकानों पर खरीदारों की लंबी कतारें लगी रहीं। भैंस के बांधने वाली घंटियों और मिट्टी के दीयों की भी खूब बिक्री हुई। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया था।

श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त में सोना, चांदी, बर्तन और वाहनों की जमकर खरीदारी की। ज्वैलर्स की दुकानों पर सोने-चांदी के सिक्के और आभूषण खरीदे गए, जबकि बर्तनों की दुकानों पर पीतल और स्टील के बर्तनों की मांग अधिक रही। वाहन एजेंसियों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। नगर पंचायत ने सफाई और प्रकाश व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए थे। पुलिस प्रशासन ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाए। लोगों ने भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।


रंगोली बनाते बच्चे। अमृत विचार

# एक्सिस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने उकेरी रंगोली

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा फफूंद स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल में दिवाली के पावन अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कल्पनाशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने साधारण दीयों को अपनी कलाकारी से सुंदर कलाकृतियों में बदल दिया। कुछ बच्चों ने रंगोली के विभिन्न पैटर्न बनाए, जबकि अन्य ने शीशे, मोती और ग्लिटर का उपयोग कर उन्हें पारंपरिक और आधुनिक रूप दिया। बच्चों ने रंगों का प्रयोग भी बड़ी कुशलता से किया, जिससे उनके दीये आकर्षक लग रहे थे। कक्षा पीजी से कक्षा यूकेजी के बच्चों ने प्रभु श्री राम के साथ माता सीता अनुज लक्ष्मण का मनमोहक रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल के प्रिंसिपल गुरमीत सिंह ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना और उन्हें पर्यावरण-हितैषी दिवाली मनाने के लिए प्रेरित करना है। सभी प्रतिभागी अपनी रंगोली को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए पूरी लगन से जुटे रहे। कार्यक्रम का माहौल जीवंत और प्रेरणादायक बना रहा।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**अछल्दा (औरैया)।** भाऊपुर-खुर्जा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) रेलवे लाइन पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, ग्राम गौतला निवासी पुष्पा देवी (28) पत्नी पिंटू शनिवार सुबह करीब 9.40 बजे नगला खगा गांव के पास खेत में धान की पल्ली सिर पर लेकर जा रही थी। तभी अचानक भाऊपुर-खुर्जा डीएफसी रेलवे लाइन पर आती हुई मालगाड़ी की चपेट में आ गईं। हादसा खंभा नंबर 591/17 के पास हुआ। घटना के बाद मालगाड़ी चालक ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ को मेमो भेजकर मौके पर बुलाया। आरपीएफ टीम ने शव को ट्रैक से हटवाकर रेल मार्ग को क्लीयर कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पुष्पा देवी का खेत रेलवे लाइन के पास ही है, जहां परिवार के लोग थ्रेसर से धान की कटाई कर रहे थे।

# 155 में 10 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को जिले की औरैया, बिधूना व अजीतमल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बिधूना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 155 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सावित्री देवी निवासी कैथावा तहसील बिधूना ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि आपसी बंटवारे में दोनों लड़कों ने मकान का पक्का हिस्सा ले लिया और उसको कच्चा मकान का हिस्सा मिला। मर्यादा तिवारी पत्नी स्व. अशोक कुमार तिवारी निवासी कुदरकोट ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि पति अशोक कुमार तिवारी की मृत्यु 16 जनवरी को हो गई थी। मृत्यु के बाद तहसील बिधूना में मौजा कुदरकोट, शंकरपुर नूराबाद खा तथा गपकापुर में मृतक अशोक कुमार तिवारी की भूमि है मृत्यु के बहैसियत वारिस काबिज हर एक मौजा में स्थित भूमि पर प्रार्थिनी व पुत्र पवन का नाम अंकित किया जाना आवश्यक है। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी विधूना को निर्देशित किया कि 7 दिन में मामले का निस्तारण कर आख्या उपलब्ध करायें।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनकिया, उप जिलाधिकारी न्यायिक बिधूना अमित कुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी सीपी सिंह, तहसीलदार बिधूना, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में बच्चों ने मनाई दीपावली

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के प्रतिष्ठित रैपिड ग्लोबल स्कूल के क्रीडांगन में शनिवार को छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के समक्ष दीपावली से पूर्व श्री गणेश, मां लक्ष्मी तथा कुबेर जी का पूजन-अर्चन बड़ी ही श्रद्धा और धूमधाम से विद्यालय के एक्जू. डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया, एजू. डायरेक्टर दीप्ति कमल राठौर तथा प्रधानाचार्य प्रशान्त दीक्षित ने किया।

सभी ने मिलकर विधिवत आरती उतारी तथा मां लक्ष्मी से सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदनों (गंगा/ यमुना/ नर्मदा/ ब्रह्मपुत्र) के छात्र-छात्राओं ने निर्धारित किए गए समय में अपनी-अपनी रंगोली बनाई। जिसमें यमुना सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ब्रह्मपुत्र सदन के



गणेश, लक्ष्मी और कुबेर के रूप बने बच्चों की हुई पूजा। अमृत विचार

प्रतियोगी रहे। तृतीय स्थान पर गंगा सदन के प्रतियोगी रहे।

विद्यालय के डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि मां लक्ष्मी की कृपा से हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल और समृद्ध हो यही हमारी कामना है। डायरेक्टर दीप्ति कमल राठौर ने कहा ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कृति और संस्कारों के प्रति आदर का भाव विकसित करते हैं। प्रधानाचार्य प्रशान्त दीक्षित ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार की यह परम्परा है, कि हम हर त्यौहार को एक साथ मिलजुल कर मनाएं, ताकि बच्चों को भारतीय संस्कृति की मूल भावना से जोड़ा जा सके तथा यह संदेश भी दिया कि दीवाली प्रदूषण रहित मनाएं।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के डायरेक्टर अनुपम सिंह भदौरिया, डायरेक्टर दीप्ति कमल राठौर तथा प्रधानाचार्य प्रशांत दीक्षित ने सभी बच्चों तथा उनके परिवार को दीपावली की हार्दिक बधाई दी।

# बिना लाइसेंस आतिशबाजी बेचने वाला युवक गिरफ्तार

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने दीपावली पर्व के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था के तहत की गई चेकिंग के दौरान शुक्रवार की रात नगरिया तिराहे के पास से एक व्यक्ति को बिना लाइसेंस के विस्फोटक व आतिशबाजी का सामान बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 40 किलोग्राम अवैध पटाखे व देशी बम बरामद किए हैं।

थानाध्यक्ष के निर्देशन में उपनिरीक्षक हेमलता, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार और कांस्टेबल विनीश कुमार की टीम रात करीब 8 बजे कस्बे में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर नगरिया तिराहे के पास सड़क किनारे दुकान बनाकर अवैध रूप से पटाखे बेच रहे व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अश्वनी पुत्र राजाराम बाथम निवासी ब्लाक चौराहा को पकड़ लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास विस्फोटक पदार्थ बेचने का कोई लाइसेंस नहीं था और न ही अग्निशमन के उपकरण मौजूद थे। मौके से पुलिस ने देशी बम, सुतली बम, रॉकेट, फुलझड़ी, चकरी, देशी अनार, बटरफ्लाई बम समेत कई प्रकार के पटाखे और आतिशबाजी का सामान बरामद किया, जिनका वजन लगभग 40 किलोग्राम बताया गया है। बरामद विस्फोटक सामग्री को पुलिस ने सील कर कब्जे में लिया तथा नमूना मोहर तैयार की। आरोपी को विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 5/9(2) के तहत गिरफ्तार कर थाने लाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# एचओ अकादमी विद्यालय में मनाया गया दीप सजाओ एवं रंगोली उत्सव

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** एचओ अकादमी विद्यालय के सभागार में छात्रों ने रंगोली बनाकर व दीप सजाकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी।

अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक हरिओम रस्तोगी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संध्या रस्तोगी उपस्थित रहीं। लवली रस्तोगी ,एवं पारुल रस्तोगी तथा विद्यालय के अध्यक्ष शुभम रस्तोगी ने बच्चों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली हमारी सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा रत्नेश ने कहा कि दीपावली पर लक्ष्मी के साथ गणेश का पूजन व्यापारिक गणित के सिद्धांत पर आधारित है। लक्ष्मी चंचल होती हैं। उनको व्यवस्थित संयोजित करने के लिए गणेश जैसे दक्ष



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व विद्यालय का स्टाफ। अमृत विचार

अकाउंटेंट की आवश्यकता होती है। इसीलिए दोनों का साथ रहना व्यापारिक सफलता की कुंजी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि दीपोत्सव का वैज्ञानिक कारण है कि वर्षा के मौसम के हानिकारक कीट पतंगों को नष्ट करने के लिए सरसों के तेल के दीपक जलाए जाते हैं। लेकिन आज के आधुनिक दौर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रयोग किए जाते हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। रिया, नव्या, आरोही, मान्या, अनामिका पाठक, अरीबा अमाशी पारसनाथ अग्रवाल सहित अनेको छात्रों द्वारा रंगोली एवं दीप सजाकर लोगों का मन मोह लिया गया। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक सौरभ चतुर्वेदी ने किया। विद्यालय के प्रबंधक रजत रस्तोगी द्वारा शिक्षकों एवं छात्रों को उपहार दिए गए।

# दुर्घटना में फ्लिपकार्ट के टीम लीडर की मौत

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में फ्लिपकार्ट के टीम लीडर आदित्य कुमार की मौत हो गई। उनकी बाइक बेवर रोड पर डिवाइडर से टकरा गई थी। गंभीर रूप से घायल आदित्य को लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के बड़े भाई नरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें शनिवार देर शाम भाई के एक्सीडेंट की सूचना मिली। आदित्य शहर की बेवर रोड पर कमरा लेकर रहते थे। जब उन्होंने आदित्य के नंबर पर कॉल किया तो पुलिस ने फोन उठाया और दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। अनुमान है कि डिवाइडर से टकराने के कारण लगी गंभीर चोटों से ही आदित्य की मौत हुई।33 वर्षीय आदित्य कुमार फ्लिपकार्ट में टीम लीडर के पद पर कार्यरत थे। उनकी शादी नौ वर्ष पूर्व हुई थी और उनकी एक सात साल की बेटी भी है।

# मेजर एसडी सिंह कालेज में धन्वंतरि पूजा

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शनिवार को मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में धनतेरस के विशेष अवसर पर धन्वंतरि पूजा और हवन का आयोजन किया, जिसमें आयुर्वेद के देवता और दिव्य चिकित्सक भगवान धन्वंतरी को सम्मानित किया गया। कॉलेज अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक, चिकित्सक, छात्र और मरीज शामिल हुए।

उत्सव कॉलेज अस्पताल के परिसर में एक भव्य पूजा समारोह से शुरू हुआ, जहां प्रभारी प्राचार्या डॉ. रीता सिंह ने धन्वंतरि की मूर्ति को प्रार्थनाएं और फूल अर्पित किए। यह पूजा हमें आयुर्वेद की समग्र उपचार सिद्धांतों की याद दिलाती है, जो शरीर, मन और आत्मा को एकीकृत करती है। यह समारोह छात्रों को अपनी अभ्यास में इन शाश्वत मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। पूजा के बाद धन्वंतरि होम


धन्वंतरि पूजन में शामिल प्राचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. मधु रंजन और डॉ. अरुण कुमार पांडेय ने कार्यक्रम को समग्र रूप से संचालित किया। समारोह में पीजी डीन डॉ. निरंजन और अन्य शिक्षक जैसे डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. वेणु, डॉ. जितेंद्र रॉय गौर, डॉ. शिव ओम दीक्षित, डॉ. राजगोपाल, डॉ. सुमन कुंडू, डॉ. रूमा देय, डॉ. समर्पिता भट्टाचाररमम, डॉ. आनंद बाजपेई, डॉ. विकास बाबू, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. कविता, डॉ. रेशमा, डॉ. श्वेता, डॉ. रूची, डॉ. गगन देवी और डॉ. ज्ञानेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे। अस्पताल के कर्मचारी ध्रुव यादव, योगेंद्र कुमार दुबे, शिवम, विशाल और चंद्रभान भी उपस्थित थे। कार्यक्रम धन्वंतरि आरती और प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ। कॉलेज प्रबंधन की ओर से उपस्थित सभी को अग्रिम दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। सभी की उत्साही भागीदारी के साथ यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी।

आयोजन | मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी ब्लॉक में सजा दीपावली मेला

# धनतेरस पर आस्था, संस्कृति का अनूठा संगम

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भगवान धन्वन्तरि जयंती एवं धनतेरस के शुभ अवसर पर मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में आस्था, संस्कृति और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

विश्वविद्यालय के फार्मेसी ब्लाक में जहां रंगारंग दिवाली मेले का आयोजन किया गया, वहीं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में विधिवत हवन पूजन कर भगवान धन्वन्तरि की आराधना की गई। डीन डॉ बिन्दु राठौर के निर्देशन में आयोजित दिवाली मेले में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनशीलता और कारीगरी का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ वन्दना द्विवेदी (पत्नी


प्रदर्शनी में कुलाधिपति डा. अनार सिंह यादव साथ में डा. अनीता यादव व अन्य लोग।

जिलाधिकारी श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं प्रोफेसर, नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ) ने मेले का शुभारंभ किया। मेले में रंग-बिरंगे दीयों, कंदीलों, झालरों, गणेश-लक्ष्मी पूजन मंदिरों और हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुओं ने सभी का मन मोह लिया। डॉ द्विवेदी ने विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सृजन में उनकी लगन और रचनात्मकता स्पष्ट झलकती है। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव, एवं कुलपति प्रो रंगनाथ मिश्र ने भी स्टालों का निरीक्षण किया। कुलसचिव रणजीत सिंह, उप कुलसचिव मानवेंद्र सिंह, सहायक कुलसचिव संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ अरुण कुमार शुक्ला, डॉ पुष्पेन्द्र बरदिया, सुमित कुमार, रिंकेश कुमार, दीप सिंह, डॉ नेहा, मेघा, विवेक राठौर, अनीश, सूर्यकांत शुक्ला, महेन्द्र शर्मा, शीला, आकाश, सचिन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

इससे पूर्व इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में डीन डॉ. अम्बरीश कुमार बाथम के निर्देशन में धनतेरस पर्व पर भगवान धन्वन्तरि की जयंती के उपलक्ष्य में विधिवत हवन पूजन कराया गया।

# ढाईघाट पर एक साथ उठीं दो मित्रों की अर्थियां तो नम हुई सैकड़ों आंखें

संवाददाता कायमगंज

- शुक्रवार को बाइक से गिरकर दो छात्रों की मौत हो गई थी

**अमृत विचार।** कायमगंज में शुक्रवार को बाइक गिरने से हुए आतिशबाजी विस्फोट में दो छात्रों की मौत हो गई थी।

मृतकों में से एक छात्र ध्रुव दुबे एयरफोर्स में शामिल होकर देश सेवा करना चाहता था। उसके पिता नारायण दुबे ने बताया कि ध्रुव के मन में एयरफोर्स में जाने के बड़े अरमान थे। वह कहता था कि अगर एयरफोर्स में नौकरी नहीं मिली तो बैंक में काम करेगा। ध्रुव किशोरावस्था से ही अपने पिता का खेती और पशुओं के चारे जैसे कामों में हाथ बंटाता था। वह अपने चाचा से प्रेरित था, जो एयरफोर्स में हैं। चाचा ने बताया कि ध्रुव हमेशा एयरफोर्स की तैयारी, पढ़ाई और भर्ती प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेता रहता था और ऑनलाइन तैयारी भी कर रहा था।

परिवार के सभी सदस्यों को उससे बहुत उम्मीदें थीं। शनिवार को जब गांव से दोनों छात्रों की अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरा गांव गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और हर किसी की आंखें नम थीं। दोनों ही अपने पिता के इकलौते पुत्र थे। प्रयाग तिवारी की बहनें बस एक ही बात कह रही हैं। वह भाई दूज पर अब किसका तिलक करेंगी। किसकी लंबी उम्र की दुआ करेंगी।

शुक्रवार की देर रात जब दोनों के शव एक साथ गांव पहुंचे तो वहां चीत्कार मच गई। शनिवार को दोनों का अंतिम संस्कार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ढाई घाट गंगा घाट पर किया गया। यहां दोनों की चिताएं पास-पास ही लगाई गईं।

देर रात दोनों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ। ध्रुव की मौत की वजह पीठ में गहरी चोट, छाती में चोट और आंत फटने समेत अत्यधिक खून बहने से होना बताया गया। जबकि प्रयाग की मौत की वजह पेट का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने, कमर की हड्डी टूटने समेत अन्य चोट होना बताया गया।

# किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में शुक्रवार शाम एक 16 वर्षीय किशोरी का शव फंदे पर लटका मिला।

किशोरी की पहचान आलमपुर निवासी राकेश की पुत्री सुखदेवी के रूप में हुई है। परिजनों ने शनिवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पर बताया कि किशोरी के पिता राकेश दो दिन से रिश्तेदारी में गए हुए थे। शुक्रवार शाम जब वह घर लौटे, तो उन्होंने अपनी बेटी का शव कमरे में फंदे पर लटका पाया। परिजनों के अनुसार, किशोरी के भाई गोविंदा और पप्पू भट्टे पर मजदूरी करते हैं। किशोरी शुक्रवार को घर पर अकेली थी। सुखदेवी पढ़ाई नहीं कर रही थी और घर के काम-काज संभालती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# धूमधाम से मना धनतेरस पर्व, देर रात तक धनवर्षा

## दिन भर बाजार में जमकर हुई खरीदारी, देर शाम घरों में भगवान धन्वंतरि की पूजा के बाद लोगों ने भगवान कुबेर की भी पूजा अर्चना की

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** धनतेरस पर्व के साथ ही त्योहारों की श्रृंखला की शुरुआत हो गई। भगवान धन्वंतरि की जयंती के रूप में मनाए जाने वाले पर्व पर बाजार में दिन भर रौनक रही। लोगों ने दिन भर खरीदारी की। देर रात तक सोने-चांदी के साथ ही गणेश लक्ष्मी की मूर्तियों, कुबेर की मूर्ति, खील खिलौने आदि समेत पूजन सामग्री की बिक्री होती रही।

धनतेरस के दिन सोने या चांदी की वस्तु के साथ ही नये बर्तन खरीदे जाने की परंपरा है। यह खरीदारी शुभ मानी जाती है। इसके साथ ही झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है क्योंकि मान्यता है यह जिस घर में गंदगी होती है वहां लक्ष्मी की बहन अलक्ष्मी का वास होने से दरिद्रता आती है। झाड़ू की मदद से सफाई करने से लक्ष्मी का आगमन होता है। इसके चलते लोगों ने झाड़ू की खरीदारी की। सोने की महंगाई सिर चढ़कर बोलने से लोगों का ज्यादा जोर हल्के जेवर तथा चांदी के सामान की खरीदारी पर रहा।



मकरंदनगर स्थित मां काली ज्वैलर्स की दुकान पर ग्राहकों को आभूषण दिखाते सराफ आलोक गुप्ता। अमृत विचार

हालांकि जीएसटी में कमी का असर वाहन विक्रेताओं के यहां दिखाई दिया। लोगों ने नए वाहन खरीदकर पूजा के बाद सड़क पर उतारे। प्रमुख शोरूम में देर रात ग्राहकों की भीड़ रही। इसी तरह से खील खिलौने, दीपक, मोमबत्ती, रुई, बर्तन की दुकानों में देर रात तक ग्राहकों की भीड़ रही। देर शाम घरों में भगवान धन्वतरि की पूजा के बाद लोगों ने भगवान कुबेर की भी पूजा अर्चना की। इसके बाद यम का दीपक जलाकर रखा गया। अब रविवार को नरक चौदस यानी छोटी दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा।



शहर में सजी गणेश लक्ष्मी की दुकान पर मौजूद ग्राहक। अमृत विचार



धनतेरस पर झाड़ू की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### खरीदारी के बाद पूजा अर्चना कर मनाया धनतेरस का पर्व

**गुरसहायगंज।** धनतेरस पर्व पर धन्वंतरि व माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना के लिए दिनभर लोगों ने बाजार में खरीदारी की। ग्राहकों को लुभाने और अधिक बिक्री करने के लिए दुकानदारों ने छूट व स्कीमों का सहारा लिया। चाहे वाहनों के शोरूम हो या फिर गिफ्ट की दुकानें हर तरफ स्कीम और प्लान की भरमार रही। शनिवार को लोगों ने धनतेरस के दिन कुबेर और धन्वंतरि की घरों व दुकानों में विधि विधान से पूजा अर्चना की। घर के मुख्य द्वार पर दीपक भी जलाए गए। धनतेरस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। धनतेरस पर कुछ खरीदने की प्रथा के चलते लोगों ने बाजार में जमकर खरीदारी की। लोगों ने सर्राफा, गिफ्ट, इलेक्ट्रानिक्स, मोबाइल, वाहन, बर्तन, झाड़ू, क्राकरी, कपड़ा आदि की खरीदारी की। खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स व सोने चांदी के जेवरात की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई।

### धनतेरस पर खूब हुई झाड़ू की खरीदारी

**गुरसहायगंज।** धनतेरस के दिन बाजार में भीड़ और रौनक दिखी। महंगाई के कारण लोगों ने खरीदारी की औपचारिकताएं निभाईं। वाहन, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, मोबाइल, कपड़ों सहित ज्वेलरी की दुकानों पर भीड दिखी। सबसे ज्यादा भीड झाड़ू की दुकानों पर दिखी और अपने वास्तविक मूल्य की अपेक्षा झाड़ू भी बढ़े हुए दामों में बिकी।



बाइक की खरीदारी के लिए पहुंचे लोग। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### प्रदूषण रहित दीपावली मनाने पर दिया जोर

**जलालाबाद, कन्नौज।** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में शनिवार को दीपावली का पर्व मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, दीपों और फूलों से सजाया गया। बच्चों ने रंगोली और दीप जलाकर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को दीपावली के पर्व का महत्व बताया। नोडल शिक्षक संकुल रामकिशोर सिंह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल व प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का संदेश दिया। शिक्षक नीरज कुमार यादव ने भी संबोधित किया। अंत में रसोइयों को उपहार स्वरूप वस्त्र एवं मिठाई दी गयी। सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरित कर समापन किया गया।

### संजय पौल कांग्रेस कमेटी जिला कोऑर्डिनेटर बने

**छिबरामऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आगरा स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए कन्नौज के छिबरामऊ निवासी पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक) संजय पौल को जिला कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया। पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी राजेश द्विवेदी, जोनल प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्रा, राजीव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे, जिला महासचिव हरी शंकर मिश्रा, आसिफ सिद्दीकी, बी.एस. यादव आदि ने बधाई दी।

### निर्माणाधीन स्टेडियम का औचक निरीक्षण

**छिबरामऊ।** अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने शनिवार को बहावलपुर में निर्माणाधीन स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अवर अभियंता रविराज कौशल ने स्टेडियम के नक्शे और निर्माण संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। अपर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, निर्माण लिपिक आशुतोष पांडे, नीरज राजपूत, शिवम दुबे और ठेकेदार नीरज दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### करंट लगने से फल विक्रेता की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से फल विक्रेता की मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। हसेरन कस्बा में श्यामू सैनी पुत्र रमेश फल बेंचकर अपने घर परिवार का भरण पोषण करता है। अतिरिक्त आमदनी को लेकर दिवाली पर वह शनिवार को रामलीला मैदान में पटाखे की दुकान लगा रहा था। टेंट का सामान लेने टेंट दुकान पहुंचा। लोहे का पाइप निकलते समय छत के ऊपर गुजरी एचटी लाइन से छू गई। इससे एचटी करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। जब वह मेडिकल कॉलेज पंहुचा तो डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



दीपोत्सव पर्व पर विभिन्न स्वरूपों में सजे बच्चे व मौजूद शिक्षक। अमृत विचार



रंगोली बनाकर दीपावली मनाते छात्र, छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

# सबके जीवन में उजाला करने का दिलाया संकल्प

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** दीपावली पर संकल्प लेना चाहिए कि समाज के जरूरतमंद, गरीब व पिछडे.वर्ग के जीवन को प्रकाशमय बनाना है। यदि लोग सशक्त होंगे, तभी समाज सशक्त बनेगा।

क्षेत्र में फैले अशिक्षा रूपी अंधकार को केवल शिक्षा रूपी प्रकाश से ही मिटाया जा सकता है। इसलिए छात्र छात्राएं मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें। यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। शनिवार को तेराजाकेट जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में दीपोत्सव मनाया गया। छात्र, छात्राओं ने प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया। जिसमें अयोध्या वापस लौटे श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान बने छात्र छात्राओं का प्रधानाचार्य ने पूजन व आरती कर स्वागत किया। छात्राओं ने रंगोली बनाई और उसे दीपों से सजाया। प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं से दीपावली को सावधानी से मनाने की सलाह दी। शिक्षकों को उपहार व मिष्ठान वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

### रंगोली को दीपों से सजा कर मनाई दीपावली

**गुरसहायगंज।** चौधरी जयवीर सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस मिश्रापुर के प्रबंधक, प्रधानाचार्य राहुल सिंह भदोरिया, शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने मिलकर दीपोत्सव पर्व मनाया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर उसे दीपों से सजाया। छात्रों ने पोस्टर पर तरह-तरह के चित्र बनाकर दीपावली की शुभकामना संदेश दिया। प्रबंधक प्रशांत सिंह ने मिष्ठान वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य व्यवस्थापक आलोक यादव, राजेंद्र सिंह, अगम कुमार दुबे, संजीव मोहन शर्मा, सचिन राजपूत, प्रमोद कुमार, संगम कुमार, दिनेश चंद्र, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, आशीष, सौरभ, रिंकी, शिवानी, आकांक्षा द्विवेदी, सपना सहित छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

# अंधेरे में गुजर सकता है पर्व बिजली कर्मी हड़ताल पर

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** बिजली विभाग में संविदा लाइनमैनों ने दीपावली से ठीक पहले सैलरी न मिलने के विरोध में हड़ताल और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

लाईनमैनों का कहना है कि हर साल इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को वेतन मिल जाता है, लेकिन इस बार नहीं मिला। उनका कहना है कि यदि शीघ्र भुगतान न हुआ तो दीपावली उनकी अंधेरे में ही बीतेगी, क्योंकि आर्थिक तंगी से त्योहार की खुशियां फीकी पड़ जाएंगी। नवीन संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि छिबरामऊ बिजली घर पर दर्जनों लाइनमैनों ने सामूहिक हड़ताल की। प्रदर्शन में प्रवीण कुमार (पथरा), आनंद मोहन, महेश सिंह, प्रवेश कुमार, अनूप कुमार, अनुपम कुमार, विमलेश कुमार, अखिलेश कुमार और सुजल प्रताप समेत समस्त संविदा लाइनमैन शामिल हुए। उनका स्पष्ट कहना है कि सैलरी जारी न होने पर हड़ताल अनिश्चितकालीन रहेगी। ये कर्मचारी जान जोखिम में डालकर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही से उनका परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीपीसीएल के तहत संविदा कर्मचारियों की यह समस्या राज्यव्यापी है। छिबरामऊ के इस प्रदर्शन से स्थानीय बिजली आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा है।



विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार



वकीलों से बातचीत करते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

### समाज कल्याण मंत्री के आश्वासन पर वकीलों की हड़ताल समाप्त

**तिर्वा, कन्नौज।** समाज कल्याण मंत्री के आश्वासन पर तिर्वा तहसील में चल रही वकीलों की हड़ताल समाप्त हो गई। हसेरन को नई तहसील बनाने के विरोध में तिर्वा तहसील के सभी अधिवक्ता करीब 15 दिनों से कलमबंद हड़ताल पर बैठे थे। वकीलों की मांग थी हसेरन को नई तहसील बन जाने से तिर्वा तहसील का क्षेत्रफल कम हो जायेगा। जिससे वकीलों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। शनिवार को प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने तहसील जाकर हड़ताल पर बैठे अधिवक्ताओं से बात कर समस्या का निदान करने का भरोसा दिलाया है। राज्य मंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ी तो वकीलों के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री के पास ले जायेंगे। अरुण के आश्वासन पर वकीलों ने हड़ताल खत्म कर दी। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर दी गई कड़ी चेतावनी

संवाददाता तिर्वा,कन्नौज

**अमृत विचार।** माह के तीसरे शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जे एस एम के योजना के तहत जिला स्वास्थ्य समिति तथा आजीविका महिला संकुल समिति फगुहा के अनुबंध पर सभी स्वाथ्य केंद्रो पर भोजन व नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है। समूह की महिलाओं ने प्रार्थना पत्र देकर सात माह से भुगतान न होने पर गुहार लगाई है। जिलाधिकारी ने सात दिनों में भुगतान कराने का आश्वासन दिया है जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से आई जी आर एस सहित सभी प्रार्थना पत्रों में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण में देरी होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कड़ी चेतावनी दी है। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह, सी ओ कुलबीर सिंह मौजूद रहे।



तिर्वा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करते जिलाधिकारी।

• **संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं 70 शिकायतें, 17 का निस्तारण**

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, दूसरा हुआ घायल

**कन्नौज।** सुर्सी-ठठिया मार्ग पर शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पीपल के पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कानपुर रेफर किया गया है। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव घरमू चिस्ती, थाना ककवन, कानपुर नगर शुक्रवार की रात करीब 09 बजे सूरज (21) पुत्र मान सिंह अपने साथी शनि (21) पुत्र सिपाही लाल निवासी औरैया जनपद के साथ अपाचे बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह दोनों ठठिया थाना क्षेत्र के गांव चंदौली के सामने पहुंचे उसी समय तेज रफ्तार बाइक पीपल के पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। इसमें सूरज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी शनि घायल हो गया। सूचना मिलने पर ठठिया पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डाक्टरों ने जांच के बाद शनि को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सूरज को कानपुर रेफर किया गया है।पुलिस ने मृतक शनि के शव को शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

New DASTAK Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066 Vikash Pathak

समापन

बोर्डिंग ग्राउंड में किया गया था आयोजन, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले पुरस्कार

# स्वदेशी मेले में देशभक्ति गीतों पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बोर्डिंग ग्राउंड में स्वदेशी मेला का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग हो गया। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

शनिवार को समापन समारोह का शुभारंभ तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनुष्का दुबे एवं मोनी ने देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। रीना कौर, राधा सिंह और नैंसी ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि नव्या दुबे ने देशभक्ति गीत की सोलो प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी कलाकारों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में स्वदेशी मेलों का आयोजन स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। "विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर 'हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी' का संकल्प पूरा करेंगे।"

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वदेशी मेला स्थानीय उत्पादकों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ कृषि, शिक्षा, परिवहन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ है। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, जिला समन्वयक अजय यादव, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी सहित अनेक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



स्वदेशी मेले के समापन पर छात्रा को उपहार भेंट करते विधायक कैलाश राजपूत, साथ में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व सीडीओ रामकृपाल चौधरी। अमृत विचार

# फर्जीवाड़े के आरोपी को पकडा, बिगडी हालत

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज। शहर के मोहल्ला हरीनगर निवासी आकाश कनौजिया पुत्र अनिल कुमार कनौजिया ने सदर कोतवाली में दिग्विजय सिंह पुत्र गजराज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आरोप लगाया है कि हरी सिंह पुत्र राम सिंह निवासी उज्जैन ने पावर आफ अटार्नी दिया था। इस में दिग्विजय सिंह ने चालाकी व वेईमानी से अपनी पहचान बदलते हुए अपने को राम सिंह का पुत्र बताते हुए हरी सिंह की जगह अपने को जाहिर करते हुए धोखाधड़ी व षडयंत्र के तहत उनकी संपत्ती ग्राम कन्दरौली वांगर पर अपना नाम दर्ज कराने की कार्यवाही कर रहा है। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गुरुवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मोहल्ला हरी नगर निवासी दिग्विजय सिंह( 22 ) के खिलाफ सदर कोतवाली में फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज है। इस पर पुलिस ने शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कोतवाली में लिखा पढी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश करने से पहले जिला अस्पताल लेजाने की तैयारी कर रही थी इसी बीच उस की हालत खराब हो गई। इससे वह वेहोस हो गया। पुलिस आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डाक्टर ने ब्लड प्रेसर की जांच की तो अधिक पाया। उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

SHAN-E-AVADH LIGHTS Since 1979
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Brackets, Jhumar, Fountain, Profile LED Strips, Spot & Flood Light Etc.
ASHOK Kr. TIWARI
Maniram Bagiya, Mob.: 9532827236, 8299616681
ANAND TIWARI Mob.: 9454080830, 7007408984
RAJAT TIWARI Mob.: 8840428305
Branch: 111-A-409, Mishra Market 80 Ft. Road, Kanpur

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से कार सवार दंपती घायल

**बसरेहर ।** चौबिया थाना क्षेत्र से निकलने वाले बरेली हाईवे मार्ग लोहिया नहर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार पति पत्नी दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पीजीआई में भर्ती कराया गया है। बकेवर क्षेत्र के कस्बा लखना निवासी राहुल कुमार अपनी पत्नी प्रिया देवी के साथ कार से किसी काम से किशनी की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह लोहिया नहर पुल के आगे पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके की आवाज को सुनते ही गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और कार में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाला। उन्हें बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । जहां पत्नी प्रिया देवी की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया।

### राशन डीलर का चुनाव 29 को

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत बम्होरा हुमांयूपुर में राशन डीलर का चुनाव आगामी 29 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से प्राथमिक स्कूल बम्होरा के प्रांगण में होगा । उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्राम विकास अधिकारी अशोक सिंह परिहार ने बताया कि उक्त चुनाव से संबंधित एजेंडा एवं मुनादी भी करा दी गई है। चुनाव ग्राम प्रधान हरगोविंद पाल की अध्यक्षता में तथा ब्लॉक एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में होगा ।

### पति-पत्नी व बेटे के साथ मारपीट

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के गांव बल्लमपुरा में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों ने पड़ोसी दंपती और उसके पुत्र को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बल्लमपुरा निवासी यदुवीर सिंह पुत्र तिलक सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पत्नी रानी घर के बाहर चबूतरे पर झाड़ू लगा रही थी और वह अपने पुत्र अनुराग के साथ घर के अंदर था। तभी शिशुपाल , सत्यवीर रनवीर पुत्रगण उदय सिंह, सौरभ पुत्र शिशुपाल सहित आधा दर्जन नामजद आरोपी हाथों में लाठी डंडे लेकर उसके घर के चबूतरे पर चढ़ आए और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी, जिसपर उसकी पत्नी चीखी तो उसका पति यदुवीर और पुत्र अनुराग बहार आए और गाली गलौज करने का विरोध किया जिसपर नामजद आरोपितों ने दंपती और उसके पुत्र को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पति के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

**महेवा ।** कस्बा में नवनिर्मित राधे डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं लोक मान्य रूरल इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के उप सचिव राजेश कुमार दुबे ने कहा कि यहां पर सभी सुविधाओं के साथ साथ आधुनिक पुस्तकों की उपलब्धता भी है।

लाइब्रेरी के संचालक अमित मिश्रा ने श्री दुबे सहित आचार्य ज्योति शंकर शुक्ल, संस्थापक /अध्यक्ष सत्यप्रकाश मिश्रा आदि का स्वागत किया। वहीं आचार्य ज्योति शंकर शुक्ल ने विधिविधान एवं हवन पूजन के साथ मंत्रोच्चार करते हुए मौजूद महिला शक्ति के रूप में कन्याओं से फीता कटवाया ।

# धनतेरस पर खरीदारों से गुलजार हुआ बाजार

## ज्वैलर्स, बर्तन, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक सामान व दोपहिया और चार पहिया वाहनों की हुई जबरदस्त बिक्री, व्यापारी वर्ग हुआ गदगद


बाजार में लगी लोगों की जबरदस्त भीड़। अमृत विचार


सोने-चांदी की दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक। अमृत विचार


धनतेरस पर बर्तनों की दुकान पर खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** धनतेरस का पर्व क्षेत्र में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से लेकर देर रात तक शहर के बाजारों में बर्तनों की खनक गूंजती रही । धनतेरस पर्व पर धातु खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए सोने चांदी की बढ़ी कीमतों के बावजूद लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शगुन के तौर पर सोने-चांदी के आभूषण भी खरीदे। वहीं तमाम लोग कपड़ों की दुकान से कपड़े भी खरीदते दिखाई दिये। शनिवार को दिन चढ़ने के साथ ही बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। शहर में सराफा व बर्तन की दुकानों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों और बाइकों की एजेंसियां आकर्षक रोशनी से नहाई हुई थीं। इनकी जमकर बिक्री हुई।

शहर के पक्का बाग, चौगुर्जी, बजाजा लाइन, सिंधी मार्केट, तिकोनिया, गुदड़ी बाजार, होमगंज सराफा बाजार, विजयनगर स्थित दुकानों के आसपास देर रात तक लोगों का तांता लगा रहा। धनतेरस पर लोग अपने परिवार के साथ खरीदारी करने के लिए पहुंचे। ग्राहकों की अच्छी भीड़ उमड़ने से दुकानदारों के भी चेहरे खिले रहे। ऑटोमोबाइल में होंडा, बजाज, हीरो मोटोकॉर्प, टीवीएस कंपनी के दोपहिया वाहनों के नए-नए माडल लोगों ने खरीदे।

मिश्रा हीरो शोरूम के मालिक पृथ्वी मिश्रा ने बताया कि धनतेरस पर 100 से अधिक बाइक, स्कूटर की बिक्री व बुकिंग हुई थी। इसके अलावा शहर की सभी एजेंसियों से 1200 से 1400 बाइक, स्कूटी और कारों की बिक्री हुई। ग्राहकों को लुभाने के लिए सभी अधिकांश सामानों पर विभिन्न कंपनियों द्वारा आकर्षक स्कीम तक जारी हुई थी। इन स्कीम का भी ग्राहकों ने लाभ उठाते हुए मौके को हाथ से नहीं जाने दिया। बर्तनों के अलावा दीपावली पर्व पर घर को सजाने के लिए बिजली के बल्बों की रंगीन झालरों, वंदनवारों, कंडील, झूमर आदि के साथ गणेश लक्ष्मी की मूर्ति की खरीदारी भी लोगों द्वारा की गई। आलम यह था कि इन सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देर रात तक देखने को मिली।

### दिन भर सड़कों पर लगा रहा जाम

- **इटावा ।** धनतेरस को लेकर लोगों ने सुबह से ही खरीदारी शुरू हो गई थी, जिसके चलते शहर जाम की समस्या से जूझता रहा। पुलिस ने शहर में बड़े वाहनों की नो एंट्री लगाकर यातायात व्यवस्था को कंट्रोल करने का असफल प्रयास किया। इसके बावजूद ई रिक्शा ऑटो आदि के संचालन से शहर के प्रमुख सड़कों का बाजार में जाम की स्थिति देखने को मिली। कई चौराहे पर पुलिस की तैनाती के बावजूद सिपाही भी जाम को खुलवाने के लिए जूझते नजर आए। वहीं लाइन पार क्षेत्र में भी जाम के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### कोलकाता की काली मिट्टी से निर्मित मूर्तियां व दीये बने आकर्षण का केंद्र

- **इटावा ।** दीपावली का त्योहार नज़दीक आते ही बाजारों में इस बार कोलकाता की काली मिट्टी से निर्मित मूर्तियों, दीयों और पूजा सामग्री आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पहले जहां पीओपी की मूर्तियों का चलन था, वहीं अब लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक होते हुए मिट्टी की मूर्तियो और दीयों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। कारीगर धर्मेंद्र प्रजापति का कहना कि वह कोलकाता से डिजाइनर मूर्तियाँ और दीये मंगवाते हैं और फिर उन्हें अपने घर पर और भी आकर्षक रूप देने के लिए स्थानीय कला का स्पर्श करते हैं जिससे उनकी बिक्री में काफी इज़ाफा होता है। उन्होंने कहा है कि प्रजापति समाज के युवा अपने स्वदेशी और पुश्तैनी माटी कला के काम से जुड़ें।

### किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

**बकेवर।** लखना कस्बा के सर्राफा बाजार मुहाल निवासी अध्यापक की 17 वर्षीय बेटी ने कमरे की कुंडी बन्द करके छत पर टंगे कूलर किट से दुपट्टे से फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर थाना व चौकी पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

अम्बरीश खां किराये के मकान में अपनी पत्नी लाड़ो व बेटा अरमान खां व बेटी आरजू खां व दो अन्य बेटों के साथ रह रहे है । अम्बरीश खां मैनपुरी जनपद के करहल नगर के किसी परिषदीय विद्यालय में तैनात हैं। शुक्रवार को वह ड्यूटी पर गये थे। उनकी पुत्री लाड़ो छत पर थी व बेटा अरमान दो अन्य भाइयों के साथ कोचिंग गया था। तभी बेटी आरजू 17 वर्ष ने अपने दुपट्टे से गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। अम्बरीश का पुत्र कोचिंग से आया तो उसने कमरे की अन्दर से कुन्डी लगी देखी खटखटाने पर नहीं खुली तो वह रोने लगा। तभी मोहल्ले के अन्य लोग भी आ गये तो इसकी सूचना थाना बकेवर व लखना पुलिस चौकी को दी गई, जिस पर थानाध्यक्ष विपिन मलिक व लखना चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और इस घटना को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# बच्चों ने रंगोली सजा कर दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता इटावा


रंगोली सजाते सेवन हिल्स स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चे ।

- सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में दीपोत्सव के उपलक्ष्य में हुईं प्रतियोगिताएं, सजाई रंगोली

**अमृत विचार ।** दीपावली पर्व के उपलक्ष में शनिवार को सेविन हिल्स इंटर कॉलेज में बड़े ही धूमधाम से दीपोत्सव का आयोजन हुआ और इस अवसर पर बच्चों ने दिया सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, वाद – विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दिया।

इस अवसर पर जो विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं उनमें रंगोली प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से उत्सुकता ने प्रथम, रुद्रांश ने द्वितीय व आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में पूर्वी ने प्रथम, इशानी ने द्वितीय व अभय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मध्यम वर्ग में विशाखा ग्रुप ने प्रथम, मुस्कान ग्रुप ने द्वितीय व वैष्णवी ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि वरिष्ठ वर्ग में मानसी ने प्रथम, पायल ने द्वितीय व नीतीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई सुन्दर कला का क्लास में जाकर अवलोकन किया तथा उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष कला और प्रतिभा छिपी होती है, जब उन्हें प्रोत्साहन और प्रकट करने का अवसर मिलता है तो वह सामने निखर कर आती है । चेयरमैन शिव किशोर दुबे एवं ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

### बाबू राम कालेज को एनसीसी की सौ सीटें मिलीं

**बकेवर।** कस्बा स्थित बाबू राम सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कालेज में प्रबंध समिति के सहयोग से विद्यालय में जूनियर डिवीजन एनसीसी की सौ सीटे प्राप्त हुई जिसमें इच्छुक छात्र छात्राओं को चयनित किया गया। बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बकेवर को प्रबंध समिति के सहयोग से विद्यालय को जूनियर डिवीजन एनसीसी की 100 सीटें प्राप्त हुयी। इच्छुक छात्र, छात्राओं का 04 उ प्र एनसीसी वाहिनी द्वारा चयन किया गया है। चयन के दौरान विद्यालय के प्रवन्धक शिव प्रसाद यादव तथा प्रधानाचार्य बेनी राम पाल, इंचार्ज सुधीर एनसीसी सीटीओ अवनीश कुमार उपस्थित रहे। इस सफलता के लिए विद्यालय के प्रबन्धक शिव प्रसाद यादव, उप प्रवन्धक विनीत यादव का विशेष योगदान रहा।

# दीये बनाकर बच्चों ने दिखाया उत्साह

कार्यालय संवाददाता इटावा


प्रतिभागियों के साथ मौजूद डॉ. कैलाश यादव। अमृत विचार

- पान कुंवर स्कूल में दीप सजाओ और रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमृत विचार ।** धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में दीप सजाओ एवं रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय का प्रांगण रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक रंगोलियों से जगमगा उठा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और सृजनशीलता के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों ने न केवल सुंदर दीप सजाये , बल्कि अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विविध रंगों से मनमोहक रंगोलियां भी बनाई, जिनमें भारतीय संस्कृति एवं त्योहारों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य एवं डीटीसी सीबीएसई डॉ. कैलाश यादव ने सभी प्रतिभागियों की कृतियों का अवलोकन किया तथा बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाती हैं।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने धनतेरस, दीपावली एवं भाई दूज सहित आगामी सभी पर्वों के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा समस्त स्टाफ को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षकों एवं छात्र परिषद की भूमिका सराहनीय रही।

# अनियंत्रित कार नहर में गिरी, कोई जनहानि नहीं

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत दतावली गांव स्थित इटावा-बरेली हाईवे पर कार अचानक अनियंत्रित होकर भोगनीपुर नहर में जा गिरी। नहर में पानी न होने के कारण कार सवार दोनों लोग सुरक्षित बच निकले और कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार एक कार इटावा की ओर जा रही थी। जैसे ही वह दतावली पुल के पास पहुंची, चालक का अचानक कार से नियंत्रण हट गया। इससे कार पुल से टकराई और पलटती हुई नहर में जा गिरी। हादसा होते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। नहर में पानी न होने से कार नीचे कीचड़ में फंस गई और उसमें सवार अरविंद कुमार उनका बेटा प्रतीक निवासी विवेक विहार कालोनी किसी तरह कार का शीशा तोड़कर बाहर निकले। घटना की सूचना मिलते ही थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से क्रेन बुलाकर कार को बाहर निकलवाने की प्रक्रिया शुरू की। हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिससे कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया पर आए दिन वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

# अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 5 ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता इटावा


अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कराते संतोष कुमार सिंह चौहान। अमृत विचार

- गाजे-बाजे के साथ नामांकन कराने पहुंचे प्रत्याशी

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नामांकन के अंतिम दिन कुल 45 पर्चा दाखिल हुए। प्रत्याशियों ने जोश के साथ नारे लगाते हुए पर्चे दाखिल किये। अध्यक्ष पद के लिए राजेश त्रिपाठी, संतोष सिंह चौहान, बृजेश दुबे, हरविलास दोहरे और प्रबल प्रताप सिंह ने अपने नामांकन दाखिल किए। महामंत्री पद के लिए अरुण कुमार राजपूत, अभिनेंद्र सिंह चौहान, अनिल तिवारी, सत्येंद्र यादव ने अपना नामांकन कराया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए राजवीर चौहान, राम सेवक, व सुषमाकर वाजपेई ने पर्चा भरा, मध्यम उपाध्यक्ष पद के लिए 3 पर्चा मनोज कुमार दीक्षित एवं रीना यादव, अमित चौरसिया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के 4 पर्चा राकेश कुमार, दिलीप भदौरिया, शाहवर हाजिक, अनूप शर्मा। कोषाध्यक्ष पद के लिए 3 पर्चा प्रभाकर त्रिपाठी एवं कृष्ण मुरारी यादव, रामशरण सिंह यादव, संयुक्त मंत्री पद के लिए 7 पर्चा सुनील कुमार एवं शाहनवाज अली, राजुल शुक्ला, योगेश कुमार यादव (राजू), वीर प्रकाश सिंह, अभय प्रताप सिंह भदौरिया, मैराज अली खान, वरिष्ठ सदस्य पद के लिए 7 पर्चे से संजय कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार तिवारी, सुभाषचंद्र, अरविंद प्रताप सिंह, अनिल कुमार वर्मा, मुनीश पाल सिंह, सुरेश चंद्र ने पर्चा भरा। वहीं कनिष्ठ सदस्य पद के लिए 9 पर्चे अरुण प्रताप सिंह, कृष्ण गोपाल, सुरेंद्र सिंह जाटव , राणा यादव, सौरभ झा, इंद्रपाल सिंह, अभिषेक सिंह सेंगर रऊफ हुसैन, हिमांशु यादव आदि अधिवक्ताओं ने पर्चा भरा। दाखिल हुए पर्चों पर , 27 अक्टूबर 2025 को आपत्तियां दाखिल होंगी। एल्डर्स कमेटी के चेयर मैन शांति स्वरूप पाठक के साथ सदस्य गण प्रेम शंकर शर्मा, रमाशंकर चौधरी, विशन चंद्र अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यालय में सहायक के तौर पर बृजेंद्र बहादुर सिंह चौहान, अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

### चोरी के मामले में जेल में बिताई अवधि की सजा

**इटावा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल पुराने चोरी के मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया और उसे जेल में बिताई अवधि की सजा व पांच सौ रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

चौबिया थाना पुलिस ने दो साल पूर्व मोहित यादव पुत्र जयवीर निवासी चमरौआ को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे दोषी पाया और उसे जेल में बिताई अवधि की सजा व पांच सौ रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

**सम्पूर्ण समाधान दिवस** | जसवंतनगर तहसील में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद

# अधिकारी मौके पर जाकर सुनें पीड़ित की बात

कार्यालय संवाददाता इटावा


शिकायतें सुनते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव।

- आई 32 शिकायतों में मात्र एक शिकायत का हो सका निस्तारण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएम ने कहा कि अधिकारी सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जायें अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। समाधान दिवस में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुईं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई के दौरान थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। साथ ही कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर पीड़ित से बात करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यजीत, पुलिस उपाधीक्षक आयुषी सिंह, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग हुए घायल

**इटावा।** जनपद के अलग-अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत कृष्णा बेकरी के पास किसी वाहन की टक्कर लगने से अजय पुत्र साधौ सिंह निवासी अशोक नगर फ्रेंड्स कालोनी घायल हो गया।

थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत हानेपुर के पास सड़क दुर्घटना में राजू पुत्र विनय सिंह निवासी महानेपुर व राज किशोर पुत्र जीवाराम निवासी शेखूपुर जखोली इकदिल घायल हो गए। वहीं थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बन्धरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सुरेश चंद्र पुत्र राधे श्याम निवासी पत्तापुरा बसरेहर घायल हो गया। वहीं सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका इलाज किया गया।

# धान किसानों के साथ सरकार का बड़ा धोखा : मुकुट सिंह

कार्यालय संवाददाता इटावा


मंडी में किसानों से बातचीत करते कामरेड मुकुट सिंह । अमृत विचार

- मंडी समिति पहुंचकर किसानों से की बातचीत

**अमृत विचार।** किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव एवं जिलामंत्री संतोष शाक्य ने नई मंडी का दौरा कर धान उत्पादक किसानों की समस्याओं को सुना और देखा। साथ ही मंडी सचिव से वार्ता भी की ।

किसान सभा के महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि किसानों के साथ सरकार द्वारा बड़ा धोखा किया जा रहा है। उन्हे प्रधानमंत्री के वादानुसार स्वामीनाथन के अनुरूप भाव तो दूर की बात स्वंय सरकार द्वारा घोषित मूल्य भी नहीं मिल रहा है । उन्होंने कहा कि नई मंडी इटावा में 30-35 हजार क्विंटल धान की आवक प्रतिदिन है। जिसमें 80 फीसदी बासमती धान है। जिसका मूल्य 2350 रुपये क्विंटल रहा। इटावा के अलावा भरथना व जसवंतनगर की मंडियों को देखा जाये तो करोड़ों का घाटा रोज किसानों को हो रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने मंडी सचिव से वार्ता कर समस्याओं से अवगत कराते हुए अवैध कटौतियां को रोकने, बोली लगाकर धान का भाव प्रतिदिन तय करने, जाम से छुटकारे के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा किसानो को नागरिक सुविधाये मुहैया कराने के लिए कहा। वहीं मंडी सचिव ने किसानों को समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### थ्रेशर की चपेट में आने से महिला घायल

महोबा। सिजहरी गांव के मोतीलाल की पत्नी धनकुंवर (45) परिजनों के साथ खेत पर मूंगफली की फसल थ्रेसर से कटाई कर रही थी, तभी वह थ्रेशर की चपेट में आकर घायल हो गई और चीखने चिल्लाने लगी। परिजनों से पहले श्रीनगर के एक अस्पताल ले गए, जहां से डाक्टर की सलाह पर उसे जिला अस्पतला ले जाया गया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है।

### शिविर में 83 बच्चों की जांची गई सेहत

बेलाताल। कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अम्बुज गुप्ता व जैतपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में धवर्रा के प्राथमिक विद्यालय व आंगनवाडी में शिविर लगाकर 83 बच्चों की सेहत जांची और दवाएं वितरित की। डॉ. आकांक्षा सोनी ने 19 किशोरियों का रक्त परीक्षण कर खून की कमी (एनीमिया) से होने वाले रोगों के लक्षण और बचाव के उपाय से रूबरू कराया।

# दीया और मूर्तियां बनाने में जुटे दिव्यांग

- बुंदेलखंड सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट ने सिखाया हुनर
- दीयों से होने वाली आय से बच्चों को मिलेगा दीपावली का तोहफा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली बुंदेलखण्ड सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था दिव्यांगजनों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बना रही है। इसी हुनर की बदौलत दिव्यांग युवक-युवतियां समूह बनाकर दीया और धूपबत्तियां बना रहे हैं।

दिव्यांगजनों को मिट्टी व गोबर से दीपक, गमले, धूपबत्ती व लक्ष्मी, गणेश, शिव पार्वती, राधा कृष्ण की प्रतिमाएं और शुभ लाभ आदि बनने का कार्य प्रशिक्षण लेते हुए तैयार कर रहे हैं। किसी भी प्रकार के वातारण को नुकसान न पहुंचाने बल्कि घर को शुद्ध बनाने दीये व अन्य वस्तुएं बनाते हुए अपनी शारीरिक चुनौतियों को पार करते हुए ये दिव्यांग अपनी दिवाली को रोशन करने में जुटे हैं। संस्था ने दिव्यांग बच्चे दिव्या, लवली, रीना अनुरागी, प्रीति, शालिनी, इंद्रेश यादव, दिनेश कुशवाहा, मनोज प्रजापति, बब्लू, सशांक आदि दिव्यांगजनों को संस्था की विशेष शिक्षक दीपशिखा प्रशिक्षण लेने के बाद दीये व अन्य सामान तैयार कर रहे है।

संस्था प्रबंधक आकाश राय ने बताया कि उनकी संस्था लगभग 30 मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांगों को प्रशिक्षण दे रही है। दीपावली पर ये दिव्यांग अपने बनाए उत्पादों की बिक्री करेंगे। शहर के बंधान वार्ड में दीये बना रहे युवा मनोज, दिनेश और टीना ने बताया कि बिक्री से होने वाली आय सीधे बनाने वाले दिव्यांगों में बांटी जाएगी।



दीपावली के लिए दीया बनाते दिव्यांग बच्चे और संस्था प्रबंधक। अमृत विचार

### कीरत सागर के तट पर सजाते दुकान

- दीपावली से पहले दिव्यांगजन हर साल बड़े पैमाने पर भगवान शिव, राधा, कृष्ण और दीप बनाकर तैयार करते हैं। इसके बाद इन दीपक और मूर्तियों को आग में पकाने के बाद दीपावली त्योहार से पूर्व कीरत सागर के तट और बाजार में बेचते हैं। प्रतिमाओं और दीपों की खूब बिक्री होती है। खरीदार दिव्यांग जनों को देखकर अधिक खरीदारी करते हैं, जिससे सबसे ज्यादा बिक्री दिव्यांगजनों की होती है।

# मिट्टी के दीयों में छिपा दिवाली का महत्व

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। दीपावली त्योहार पर मिट्टी के दीयों का चलन आज भी बदस्तूर जारी है। आधुनिक युग में भले ही लोग चाइनीज व देशी झालर व अन्य बिजली की आकर्षक लाइटों से घरों को जगमाते हो, लेकिन मिट्टी के दीप का अपना अलग ही क्रेज बना हुआ है। लोग घरों पर चाहे जितनी झालरें लगा ले, लेकिन मिट्टी के दीये जरूर जलाते हैं। इन दीपों के प्रति महिलाओं की विशेष रुचि है।

दीपावली पर्व के एक सप्ताह पहले से कुम्हार सामाज के लोग घरों में मिट्टी को दीये का आकार देकर इन दीपों के सूखने के बाद उन्हें आग में तपाने के बाद उसमे रंग करके तैयार करते है। दीयों को बनाने के लिए कुम्हार के परिजन टोकरियों में ले जाकर इन दीयों को बाजार में बेचते हैं। जहां एक तरफ लोग बिजली की दुकानों से आकर्षक झालरें घरों को सजाने के लिए खरीदते हैं, वहीं दूसरी तरफ अधिकांश लोग मिट्टी के दीये खरीदकर घरों और दरवाजों पर जलाने की वर्षों पुरानी परम्परा आज भी निभाते चले आ रहे हैं। शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों के ग्रामीण मिट्टी के दीयों को अधिक महत्व दिया जाता है। दीपावली से पहले बाजार में फुटपाथ पर जगह जगह मिट्टी के दीपों की बिक्री शुरू हो गई है। कुम्हार परिवार के पुरुष मिट्टी के दिये बनाकर तैयार कर रहे हैं तो वहीं महिलाएं और बच्चे टोकरियों में दीयों को रखकर बाजार ले जाकर बेच रहे हैं। कुछ लोग बैलगाड़ी व अन्य वाहनों में रखकर दीयों की बाजार में बिक्री कर रहे हैं, जिसके चलते बाजार में खासी चहल पहल और भीड़ भाड़ बढ़ गई है। त्योहार में इस साल महंगाई के चलते दीयों की कीमतों में इजाफा हुआ है। पिछले साल दस रुपये 15 दीये मिलते थे, लेकिन इस साल एक रुपये का मात्र एक दीया बाजार में बेंचा जा रहा है, बावजूद इसके लोगों ने मिट्टी के दीयों को खूब खरीदा।



बाजार में मिट्टी के दीये बेचती महिला। अमृत विचार

# धनतेरस के बाजार में महंगाई की मार

## बाजारों में भीड़ तो जुटी, मगर खरीदारी में सिर्फ रस्म अदायगी

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। महंगाई के चलते धनतेरस फीकी रही। बाजार में भीड़ तो जुटी, लेकिन ग्राहकों ने सिर्फ शगुन के रूप में ही खरीदारी की। कम बिक्री होने से दुकानदार मायूस दिख रहे हैं। हालांकि दो पहिया वाहनों की जमकर बिक्री हुई। मिठाई व पूजा सामग्री खरीदने में लोगों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। धनतेरस के प्रति उत्साह तो दिखा, लेकिन महंगाई ने मनमाफिक खरीदारी करने से रोक दिया।

धनतेरस को लेकर बाजार और शहर के मुख्य मार्गों में दुकानों के आगे टेंट लगाकर दुकानों में जमकर सजावट की। कुछ दुकानदारों ने दुकानों के आगे टेंट में कुर्सियां भी बिछा दी तो कुछ दुकानदारों ने टेंट के नीचे अपनी दुकान लगाकर बिक्री की। सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भारी भीड़ जुटी, लेकिन ग्राहकों ने महंगाई की मार के चलते पहले जैसी खरीददारी नहीं की गई। दुकानदारों ने धनतेरस को लेकर नए नए सामान दुकानों में सजाए, लेकिन ग्राहक सामान खरीदने के लिए उत्सुख तो दिखाई दिया, लेकिन कीमत अधिक होने के कारण हाथ पीछे खींच लिए।



ज्वैलर्स की दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक। अमृत विचार

### कटोरी-चम्मच तक सीमित रही खरीदारी

- धनतेरस पर जहां महंगाई का असर दिखा, वहीं तमाम लोगों ने सगुन के तौर पर ज्वैलरी की दुकानों में जाकर कुछ न कुछ खरीदा। महिलाओं ने सोने और चांदी की खरीददारी के प्रति विशेष उत्सुकता दिखाई, जबकि मध्यम और गरीब वर्ग के ज्यादातर लोगों ने बर्तन की दुकानों से कटोरी, प्लेट, चम्मच आदि लेकर धनतेरस की खरीदारी कर रस्म की अदायगी की, जिसके चलते सबसे ज्यादा भीड़ बर्तनों की दुकानों पर देखी गई। बर्तन दुकानदारों को सुबह से लेकर देर रात तक फुर्सत नहीं मिली। बर्तन दुकानदारों ने बताया कि महंगाई के चलते पिछले साल की अपेक्षा इस साल बिक्री कम हुई।

शहर के मुख्य बाजार में ग्राहकों की भीड़ के चलते आवागमन खासा प्रभावित रहा। बाजार में ईरिक्शे के प्रवेश कर जाने पर लोगो को पैदल चलने पर खासी मशक्कत करनी पड़ी। इतना ही नहीं बाजार में भीड़ के चलते ईरिक्शे का चलना तो दूर बाइक से निकलना मुश्किल हो गया, जिससे तमाम ईरिक्शे बाजार की भीड़ में फंस गए। दुकानदारों ने दुकान के बाहर दुकानें लगाकर धनतेरस के मौके पर बिक्री की, जिससे बाजार की सड़क सकरी हो गईं। ग्राहकों को बाजार में पैदल निकलना मुश्किल हो गया। हालांकि किसी तरह लोगों ने बाजार में पहुंचकर खरीददारी की। देर रात तक बाजार गुलजार रहे।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

धनतेरस पर बाजार में भीड़ के कारण पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। बाजार की सड़कों पर बैरियर लगाकर वाहनों का आवागमन रोका गया। बैरियर लगने से चार पहिया वाहनों को कई किमी चक्कर लगाकर जाना पड़ा। लोगों को टेंपो पकड़ने के लिए आधा किलोमीटर दूर बैरियर तक पैदल चलकर घर जाना पड़ा। बैरियर पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी।

## फाइनेंस सुविधा और ऑफर ने खूब लुभाया

महोबा। धनतेरस और दीपावली को लेकर जहां बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ जुटी तो वहीं इलेक्ट्राक्सि दुकानदारों ने टीवी फ्रिज, अलमारी, मोबाइल आदि इलेक्ट्रानिक सामानों का फाइनेंस कराकर खूब बिक्री की।

दीपावली त्योहार में कुछ न कुछ सामान की खरीदारी करनी पड़ती है, लेकिन मध्यम और गरीब वर्ग के लोग शगुन के तौर पर खरीदारी करते हैं। इस साल इलेक्ट्रानिक कारोबारियों ने फाइनेंस की सुविधा देकर ग्राहकों को खूब लुभाया। किश्तों में हर सामान मिलने से ग्राहकों ने एक किश्त जमा कर फ्रिज, एलईडी टीवी, मोबाइल, वाशिग मशीन, अलमारी, गीजर सहित इलेक्टानिक उपकरणों की खरीदारी की। पूरी रकम की व्यवस्था न होने से ग्राहक एसी, फ्रिज, एलईडी टीवी, कूलर, पंखे, गीजर व अन्य कीमती सामान खरीदने से महरुम रह जाते थे, लेकिन इस साल ग्राहकों को फाइनेंस सुविधा का लाभ मिलने के कारण जहां एक तरफ दुकानदारों की खासी बिक्री हुई, वहीं ग्राहकों के घर भी दीपावली में तरह तरह के सामान मयस्सर हो सके, इससे ग्राहक भी इस साल धनतेरस में खासा खुश नजर आ रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

महोबा। महोबकंठ थाना क्षेत्र के पिपरी निवासी मगनलाल (67) बाजार से वापस घर जा रहा था, तभी झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर महोबकंठ की तरफ से आए ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार वृद्ध सड़क पर गिरकर घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। आसपास खड़े ग्रामीणों ने घायल को प्राइवेट वाहन की मदद से पनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने भर्ती कर उसका उपचार शुरू किया गया।

## कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

महोबा। ननौरा निवासी परशुराम अपने साथी शंकर के साथ बाइक से शहर आ रहा था, तभी मामना गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करते समय बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। वाहन चालकों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# शहीदों को आज नमन करेंगे बुंदेली

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। बुंदेली समाज शहीदों की स्मृति में नरक चतुर्दशी यानी 19 अक्टूबर को 1001 दीये जलाकर दीपोत्सव की शुरुआत करेगा। एक दीया बलिदानियों के नाम सभी शहीदों की समाधि पर दीपदान किया जाएगा।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि दीया अभियान की शुरुआत हवेली दरवाजा शहीद मैदान से होगी, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, पूर्व सैनिक, लोकतंत्र सेनानी, महिलाएं और बच्चे भी शामिल होंगे। सभी लोग अपने घर से दीये लाकर शहीद मैदान में बलिदानियों को श्रद्धांजलि देंगे एवं दो लोग मिनट का मौन रखेंगे। उन्होंने बताया कि घर में दीपावली मनाने से पहले वीरभूमि के शहीदों की समाधि पर दीपदान किया जाएगा। इसके बाद गंज गांव में कारगिल शहीद बालेन्द्र सिंह की समाधि पर शहीद परिजनों के साथ दीपदान करेंगे। पचपहरा में कमांडो जगदीश यादव और शहर के कल्याण सागर पहाड़ी के ऊपर कमांडेंट दिनेश बुधौलिया तथा कीरत सागर तट पर स्थित डिप्टी कमांडेंट राकेश चौरसिया की समाधि पर उनके परिजनों के साथ दीपदान किया जाएगा।

हिदायत दी | मलकपुर, पचपहरा और कुलपहाड़ में औचक निरीक्षण

# डीएम ने खाद वितरण का देखा हाल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शनिवार को रबी अभियान में फास्फेटिक उर्वरकों के उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बी-पैक्स समिति मलकपुरा नवीन मण्डी, बी-पैक्स पचपहरा एवं साहू खाद भण्डार कुलपहाड़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने खाद की कालाबाजारी न होकर किसानों को खाद समय पर खाद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण दौरान जिलाधिकरी ने निर्देश दिये गये कि कृषकों के अभिलेखों का परीक्षण कर रजिस्टर में खाद लेने वाले किसानों की भूमि का विवरण, आधार एवं मोबाइल नंबर अंकित किया जाये तथा समिति के सदस्यों को सर्वप्रथम वरीयता दी जाये। उन्होंने उर्वरक लेने आये किसानों से खाद के सम्बंध में जानकारी ली और मलकपुरा और पचपहरा समितियों में उर्वरक का वितरण चालू मिला जबकि पचपहरा समिति के निरीक्षण के समय टोकन के जरिये कृषकों को खाद उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खाद की कालाबाजारी न हो एवं सही समय पर किसानों को खाद उपलब्ध करायी जाये। नैनो उर्वरक एवं पोटास का प्रचार प्रसार कराकर किसानों को जागरूक किया जाये। कुलपहाड़ खाद भण्डार के निरीक्षण में स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा दुकानदार को निर्देशित किया गया कि खाद को ओवर रेटिंग में नहीं बेचा जाये। जिन समितियों में भीड़ ज्यादा लगती है वहां प्राईवेट दुकानों से किसानों को खाद दिलाई जाये। जिला प्रबंधक पीसीएफ को उर्वरक का त्वरित प्रेषण करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, कुलपहाड़ उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।



बीपैक्स मलकपुर का निरीक्षण करतीं डीएम, साथ में एसपी। अमृत विचार



# सात पेंशनरों के खाते में लाखों नहीं करोड़ों में गई रकम

## बहुत कम हैं ऐसे पेंशनर, जिनके खातों में पांच लाख का लेनदेन, करोड़ों का हुआ हेरफेर

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कोषागार घोटाले में खातों में अनियमित भुगतान के मामले को लेकर एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी पेंशनर अपने को बेगुनाह बताने की कवायद में जुटे हैं। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि आरोपी पेंशनरों में से लगभग सात तो ऐसे हैं, जिनके खातों में लाखों में नहीं बल्कि करोड़ों में रकम स्थानांतरित की गई।

गौरतलब है कि कोषागार घोटाले में वरिष्ठ कोषागार अधिकारी रमेश सिंह ने चार कर्मियों, जिनमें एक सेवानिवृत्त अधिकारी है पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अलावा 93 पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों पर भी रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह अनियमित भुगतान 30 अगस्त 2018 से सितंबर 2025 के दौरान किया गया। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, शिवप्रसाद के खाते में 3,97,78,840 रुपये, रामखेलावन के खाते में 3,59,32,457 रुपये, राजेंद्र कुमार (फाइल नाम गिरगेश कुमारी) खाते में 3,45,14,395 रुपये, गिरजेश कुमारी 2,23,01,331 धनपति देवी के 1,25,25,125 रुपये, लक्ष्मी देवी के खाते में 1,21,17,355 रुपये, मोहनलाल के


कांग्रेसी नेता पंकज मिश्रा।

खाते में 1,14,81,213 रुपये भेजे गए। इनके अलावा रामसिरोमनि के खाते में 90,28,931 रुपये, नत्थूराम यादव के खाते में 98,37,497 रुपये, कमला देवी के 91,51,650 रुपये, मोहनलाल के 76,97,867 रुपये का लेनदेन हुआ। कृष्णकिशोर, बेला कली, किशोर कुमार, त्रियुगी देवी आदि कुछ ही पेंशनर हैं, जिनके खाते में दस लाख से कुछ अधिक रकम का ट्रांजैक्शन किया गया। पेंशनर युगल किशोर (5,56,241 रुपये), रानी देवी (4,42,296 रुपये), लल्लू प्रसाद (4,30,200 रुपये), कैलाश नाथ (3,68,900 रुपये), जय श्री (3,65,148 रुपये), अवधेश कुमार (3,49,056 रुपये), राधेश्याम (3,63,475 रुपये), नीलकांत (2,61,640 रुपये) आदि कुछ ही ऐसे पेंशनर हैं, जिनके खातों में पांच लाख से कम की धनराशि का लेनदेन किया गया।

### इनको बताना तो चाहिए था

आरोपी अपने को बेगुनाह भले बताएं पर अधिकारियों की दृष्टि में ये भी प्रथमदृष्टया दोषी हैं। इनका दोष यह है कि अगर इनके खातों में इतनी धनराशि आ रही थी तो इनको कोषागार या बैंक शाखा को जानकारी तो देनी चाहिए थी। इनके खातों से बाकायदा ट्रांजैक्शन होता रहा और ये अनजान बने रहे, यह तो असंभव सा है। चर्चा यह भी है कि कुछ पेंशनर जरूर इस मामले से अनजान इसलिए होंगे कि वृद्धावस्था की वजह से वे पेंशन निकालने नहीं जाते और ऐसे में उनका कोई परिवारीजन इस खेल में लगा रहा हो।

### अन्य अधिकारियों पर भी आ सकती है आंच

- सूत्रों की मानें तो इस मामले में अभी कई अन्य अधिकारियों पर जांच की आंच पहुंच सकती है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भी बीते दिन इस ओर इशारा किया था। जिस समय यह घोटाला हुआ उस दौरान कमलेश कुमार, शैलेश कुमार और रमेश सिंह (वर्तमान) कोषागार के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या ऑडिट न होता तो मामला सामने नहीं आता और ये वरिष्ठ अधिकारी क्या कर रहे थे।

### पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए : पंकज

- पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि अब तक के सभी कोषाधिकारियों पर मुकदमा क्यों नहीं। उन्होंने तो यहां तक कहा कि जिले के अन्य बड़े अधिकारियों की भी जांच होनी चाहिए। उन बिचौलिए और दलालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिनके माध्यम से यह आर्थिक डकैती पड़ी। उन्होंने कहा कि जीरो टालरेंस की बात करने वाले शासन को इस पूरे मामले की सीबीआई जांच करानी चाहिए।

### एक आरोपी को प्रयागराज भेजा गया

- कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले के एक आरोपी लेखाकार संदीप कुमार ने कोतवाली में पहुंचकर बताया कि वह पिछले दिनों से बीमार है और प्रयागराज में इलाज करा रहा है। इस पर पूछताछ के बाद उसे फिर प्रयागराज भेज दिया गया। उधर, अन्य कोषागारकर्मी अशोक कुमार और विकास से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा लगभग एक दर्जन पेंशनरों को विभिन्न जगहों से लाया गया है, जिनसे जानकारी की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### जुआं खेलने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** एसआई गौरव तिवारी ने जुआं खेलने के आरोप में तीन लोगों को पकड़ा। पुलिस ने मनोज, अन्नू, धीरेंद्र निवासीगण वाल्मीकिनगर को जुआं खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के मालफड़ से 1060 रुपये व जामा तलाशी से 150 रुपये बरामद किए गए। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी अशोक कुमार शर्मा, आरक्षी ललित बाबू शामिल रहे।

### तमंचा कारतूस के साथ आरोपी दबोचा गया

**राजापुर (चित्रकूट)।** एसआई इमरान खां ने शिवबली पुत्र राजकुमार निवासी मनकुंवार थाना मऊ को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी अजय कुमार और शुभम मिश्रा शामिल रहे।

### नलकूप की मोटर फुंकने से आपूर्ति ठप

**कालपी जालौन।** बिजली की समस्या की वजह से जल संस्थान का ट्यूबवेल नम्बर 1 हरीगंज की मोटर फुंक जाने से हरीगंज सहित 3 मोहल्लों की जलापूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई। विभागीय इंजीनियर बासित अली ने कहा कि जल्द ही सबमर्सिबल मोटर बदल कर पानी की सप्लाई दुरुस्त कराई जायेगी। क्षेत्र कालपी के अलग-अलग स्थानों में 15 नलकूप लगे हुए हैं। कुछ नलकूपों में आए दिन खराबी होती रहती है। बीती शाम को बिजली की समस्या के कारण हरीगंज काली देवी में स्थित नलकूप नंबर - 1 का मोटर फुंक गई फलस्वरूप हरीगंज, दमदमा, राजघाट आदि मोहल्लों की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गयी। सूचना पाकर अवर अभियंता बासित अली ने नलकूप का निरीक्षण किया। अवर अभियंता की मौजूदगी में नलकूप के फुंके सबमर्सिबल मोटर को निकाल कर नया मोटर स्थापित करने के लिए विभागीय टीम जुट गई है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मोटर सही करा दी जायेगी।

### पेट्रोल पंप पर धावा कर बोल ढाई लाख लूटे

**बरगढ़ चित्रकूट।** स्टेशन रोड स्थित एक पेट्रोल पंप में शुक्रवार रात बोलेरो सवार लोगों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की।


पेट्रोल पंप संचालक संकल्प पांडेय।

आरोप है कि इन लोगों ने 2.50 लाख रुपये लूट लिए और तमंचे लहराते हुए भाग निकले। इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालक ने थाने में तहरीर दी है। एसओ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जय परानू बाबा फिलिंग स्टेशन के संचालक संकल्प पांडेय और राजकुमार गौतम ने बताया कि रात लगभग दो बजे एक बोलेरो से चार लोग वहां पहुंचे। इन लोगों ने सेल्समैन और चौकीदार समेत तीन लोगों को पीटना शुरू कर दिया। इनसे कैश काउंटर की चाबी मांगी। बताया कि बदमाशों ने तमंचा कनपटी पर लगाकर ताला तोड़ दिया और सारा सामान बिखरा दिया। लगभग 2.50 लाख रुपये लूटकर भाग गए। बताया कि मारपीट से चौकीदार मनोज कुमार को ज्यादा चोटें आईं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाले जा रहे हैं। कुछ सुराग भी मिले हैं। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा। थाना प्रभारी शिवआसरे ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## त्योहार की धूम...


**चित्रकूट।** धनतेरस में मुख्यालय सहित कस्बों और गांवों में धूमधाम रही। महंगाई के बाद भी लोगों ने खूब खरीदारी की। हालांकि दुकानदारों का कहना था कि आनलाइन बाजार की वजह से वैसी बिक्री नहीं हुई, जैसी उम्मीद थी। धनतेरस पर झाड़ू खरीद भी काफी हुई। सिविल लाइन स्थित प्रिंस मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक ने कहा कि बाजार में खूब भीड़ रही। अमृत विचार

# अरुण के मॉडल को मिला पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में शनिवार को जनपद स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कंपोजिट विद्यालय दुबारी के अरुण कुमार श्रीवास्तव को पहला स्थान मिला।


शिक्षक अरुण कुमार को पुरस्कृत करते डॉयट प्राचार्य बीके शर्मा। अमृत विचार

इस वर्ष प्रदर्शनी की थीम गणित मेलाः गणितीय बातचीत, दक्षता शिक्षण, अभ्यास और खेल थी। महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के डा. अनिल कुमार अग्रवाल और गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय के डा. रामनरेश यादव ने मूल्यांकन किया। हेम सिंह प्रवक्ता, डायट शिवरामपुर को दूसरा और भगवान दीन पटेल, उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर को तीसरा स्थान मिला। विजेताओं को प्राचार्य डायट बीके शर्मा ने सम्मानित किया। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी शिक्षक श्रेष्ठ हैं। प्रतियोगिता में मनोयोगपूर्वक भाग लेना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम का संचालन हेम सिंह ने किया। इस दौरान राजेश उपाध्याय, सौरभ चंद्र सविता आदि प्रवक्ता एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# तीन प्रतिष्ठानों से भरे गए मिठाइयों के नमूने

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार धनतेरस, दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के द्वारा दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की गयी तथा अलग-अलग प्रतिष्ठानों में तीन मिठाइयों के नमूने संग्रहीत कर परीक्षण करने के लिए भेज दिया गया।

शनिवार को उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, जिला अभिहित अधिकारी डॉक्टर जितिन कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, कन्हैया लाल, कार्यवाहक कोतवाल उदय प्रताप सिंह, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज बिपिन कुमार, रनजीत सिंह आदि की टीम ने जोल्हूपुर मोड़ मार्केट में दुकानों तथा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सत्यम राठौर तथा सुरेंद्र पाल के प्रतिष्ठान से गुझिया एवं मिठाई का नमूना भरा। इसी क्रम में गोविंद सिंह की डेयरी से दूध का नमूना भरने की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार के मुताबिक कई प्रतिष्ठानों में चेकिंग कर के दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा की प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# चार नवंबर को होगा युवा उत्सव

**चित्रकूट।** जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव / साइंस मेला का आयोजन दिनांक चार नवंबर को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेड़ी पुलिया में होगा। इसमें प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के लिए आयु सीमा 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रतिभागियों को शिक्षा प्रमाणपत्र और आधार कार्ड की छायाप्रति साथ में लाना आवश्यक है। प्रतियोगिता में टेप या कैसेट की अनुमति नहीं है। युवाओं का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इस दौरान लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, कविता लेखन की प्रतियोगिताएं होगीं।

# दो मुस्लिम समेत 15 जोड़े हुए एकदूजे के

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

**अमृत विचार।** इटौरा गांव में एक सामाजिक संस्था ने सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन कर मिसाल कायम की। इसमें दो मुस्लिम सहित 15 जोड़ों का विवाह कराया गया।

कार्यक्रम का आयोजन हनुमत कृपा गुरु लोहगढ़ (मध्य प्रदेश) ने किया था। इसमें रीति रिवाज के साथ शादियां कराई गईं। घर गृहस्थी का सामान भी नवविवाहितों को दिया गया। हनुमत कृपा गुरु उर्फ सौरभ पांडेय ने बताया कि श्रीधाम वृंदावन विजय बिहारी की असीम कृपा से विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 15 गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह हुआ। वृंदावन धाम से आए हुए संतों ने इनको


नवविवाहितों को आशीर्वाद देते आयोजक और अन्य लोग। अमृत विचार

दांपत्य जीवन की बधाई दी। सौरभ ने बताया गया कि सभी जोड़ों को आभूषण सहित गृहस्थी का सामान टीवी, सोफा, अलमारी, बक्सा, डबल बेड, सिंगारदान भेंट किया। आयोजक ने कहा कि गरीब परिवार अगर अपनी बेटियों का विवाह करवाना चाहें तो लोहगढ़ मध्य प्रदेश मे मुलाकात कर सकता है। इस अवसर पर वृंदावन धाम के सुखराम दास नाना, गुरु हरिशंकर दास, अध्यक्ष अखाड़ा परिषद वृंदावन महंत, फूलडोल बिहारी दास महाराज, साहसी दास महाराज, लाडली शरण महाराज, सुंदर दास महाराज, महामंडलेश्वर सच्चिदानंद दास, भगवानदास महाराज, महामंडलेश्वर रामस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज वृंदावन धाम रहे।

### हर वर्ष देंगे 11 हजार रुपये

- आयोजक सौरभ ने बताया कि वह प्रतिवर्ष सभी जोड़ों को त्योहार पर 11 हजार की धनराशि देंगे, जिससे वे त्योहार को अच्छे से बना सके। समाज में गरीब कन्याओं के विवाह के लिए हर 2 माह में ऐसे ही विवाह महोत्सव का आयोजन होता रहेगा। इससे समाज में पिछड़े हुए लोगों को भी सम्मान से जीवन जीने का मौका मिल सकेगा।

# मेला क्षेत्र को आठ जोन, 22 सेक्टरों में बांटा गया

- कमिश्नर और डीआईजी ने की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** दीपावली मेले के मद्देनजर मंडलायुक्त अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने पुलिसबल के साथ बैठक की। मेला क्षेत्र को आठ जोन और 22 सेक्टरों में बांटा गया है। इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेते कमिश्नर अजीत कुमार व डीआईजी राजेश एस। अमृत विचार

अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे समय पर पहुंचें और लापरवाही न करें। श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करें। पूरे मेला क्षेत्र में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। 17 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 22 थाना प्रभारी निरीक्षक, 35 निरीक्षक, 258 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 13 महिला उपनिरीक्षक, 892 हेड कांस्टेबिल/कांस्टेबिल, 124 महिला कांस्टेबिल, 12 उपनिरीक्षक यातायात, 88 हेड कांस्टेबिल/कांस्टेबिल यातायात, 03 पीएससी कंपनी, 05 उपनिरीक्षक एलआईयू, 37 हेड कांस्टेबिल/कांस्टेबिल एलआईयू भी तैनात हैं। इनके अलावा तीन क्रेन, तीन एसचेक टीम, दो डॉग स्क्वायड, पांच फायर टेंडर, दो फ्लड पीएसी की भी ड्यूटी लगी है। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, राजापुर राजकमल, मऊ फहद अली, कार्यालय यामीन अहमद आदि मौजूद रहे।

### चोरी की ऑटो बरामद

**चित्रकूट।** रैपुरा पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया। इससे चोरी गई ऑटो भी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, 17 अक्टूबर को एसआई राजेश कुमार और पुलिसकर्मी बोड़ी पोखरी चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने बताया कि नयागांव जनपद सतना (मप्र) से ऑटो चोरी करने का आरोपी लालापुर की ओर से आ रहा है। इस पर पुलिस ने अगरहुंड़ा नहर पुलिया के पास संदिग्ध आटो को रोका। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कमल निवासी बहादुरपुर बताया। वह ऑटो के कागजात नहीं दिखा सका। पुलिस ने एप पर बरामद वाहन का विवरण देखा तो वाहन स्वामी का नाम भक्तराज त्रिपाठी निवासी जानकी कुंड निकला। इससे संपर्क किया गया तो इसने बताया कि 15 अक्टूबर की रात उसका आटो घर से चोरी चला गया था। आरोपी ने बताया कि उसने यह आटो साथी शिब्बू उर्फ शिवम के साथ मिलकर चुराया था। पुलिस टीम में एसआई सुभाष राम, आरक्षी राघवेंद्र राजपूत शामिल रहे।

### ठक्कर बापा कॉलेज के ग्राउंड में लगा पटाखा बाजार

**कालपी।** शनिवार को दीपावली के अवसर पर ठक्कर बापा इंटर कालेज कालपी के ग्राउंड लगने वाले अस्थाई आतिशबाजी मार्केट में का नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने फीता काट कर उद्घाटन किया। विदित हो कि बीते वर्षों की तरह इस साल भी तीन दिनों के लिए आतिशबाजी का मार्केट नगर के आलमपुर स्थित ठक्कर बापा इंटर कॉलेज के क्रीड़ा ग्राउंड में स्थापित किया गया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **तन्जीम फात्मा पत्नी मोहम्मद इमरान निवासिनी मोहल्ला बीबीपुर, कस्बा व पो0 व तहसील महमूदाबाद, जिला सीतापुर,** मेरे पुत्र के रजिस्टर/अभिलेखों में मेरा नाम तन्जीम फातिमा अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम तन्जीम फात्मा है जिसे विद्यालय के रजिस्टर/अभिलेखों में तन्जीम फातिमा के स्थान पर तन्जीम फात्मा अंकित कराया जाय।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित करना है के मैने अपने पुत्र उज्जवल के नाम से 22–07–2009 को भारतीय जीवन बीमा निगम से पॉलिसी कराई थी। मैने सभी अभिलेखों यथा हाईस्कूल मार्कसीट व आधार में नाम बदल कर अरनव राज कर दिया है। अतः पालिसी संख्या 219310470 में बच्चे का नाम उज्जवल से बदलकर अरनव राज कर दिया जाए। **प्रमोद कुमार निवासी– F-1276, राजाजीपुरम लखनऊ – 226017, मो–9452986798**

**सूचना**

मेरा पूरा नाम राजेन्द्र अरोड़ा है जबकि पुत्री कनिशा अरोड़ा के दस्तावेजों में आर0के0 अरोड़ा दर्ज हो गया था जो कि गलत नाम है मेरा सही नाम राजेन्द्र अरोड़ा है और मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है तथा भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये/जायेगा। **राजेन्द्र अरोड़ा पुत्र आर0पी0 अरोड़ा नि0– म0नं0–99 एम आई जी सेक्टर–4 बर्रा कानपुर नगर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम गोपाल पांडेय पुत्र अनिल कुमार पांडेय जन्म तिथि – 02–06–2006 हटवा गोपाल पोस्ट ऐलो तहसील पयागपुर जिला बहराइच** उत्तर प्रदेश का निवासी हूं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम ओम वीर एवं जन्मतिथि 14–08–2005 दर्ज है जो कि गलत है अतः मुझे मेरे नाम राम गोपाल पांडेय एवं जन्मतिथि 02–06–2006 जो कि शैक्षिक प्रमाण पत्र में लिखा है अतः इसी नाम एवं जन्मतिथि से मूझे जाना एवं पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं **शिल्पा सिद्दी पत्नी स्व0 मोहम्मद अलीम सिद्दीकी निवासिनी–एल–4/191 विनय खण्ड, गोमती नगर, जनपद लखनऊ उ0प्र0–226010,** मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शिल्पा सक्सेना अंकित था तथा विवाह उपरान्त मैने अपना नाम मोहम्मद अलीम सिद्दीकी से करने के उपरान्त शिल्पा सिद्दीकी करा लिया था। पति का देहान्त होने के उपरान्त मेरे आधार कार्ड में पुनः संशोधन किया गया है और मुझे शिल्पा सक्सेना के नाम से जाना जायेगा।

## बैठक | नगर पालिका की बोर्ड बैठक में लिया गया निर्णय

# नगर विकास के लिए सात प्रस्ताव हुए पारित

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** शनिवार को अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में व पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगरीय विकास से संबंधित 7 प्रस्तावों को पारित किया गया। पालिकाध्यक्ष ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी दीपावली की शुभकामनाएं दीं।



पालिका की बोर्ड बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष, सभासद व अधिकारी।

बोर्ड बैठक को सम्बोधित करते हुये पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 महा अभियान से संम्बंधित विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण को लेकर बैठक में सभी लोग प्रमुख भूमिका निभायें। लेखाकार हरिभूषण सिंह चौहान ने प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया। जिसमें पुनरिक्षीत आय व्यय बजट वर्ष 2025 - 26 से संबंधित प्रपत्र पर सहमत जताई गई। इसी प्रकार मासिक आय व्यय माह मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर का प्रस्तुत करके मंजूरी दी गई। 15 वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई वार्ता के क्रम में विकास कार्यों पर बजट पारित किया गया। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि सभी के सहयोग से नगर में चतुर्मुखी विकास कराया जा रहा है। इस अवसर पर भाग्यश्री, विनीता, कमलेश, निजाम, सुमन श्रीवास, गीता पाल, खान बाबू, शिवकुमार, इकबाल, वंदना दीक्षित, पप्पू, बरकत अंसारी आदि सभासद मौजूद रहे।

# विद्यालय से बच्चों को मिलता है प्रगति का मार्ग

- राजकीय हाईस्कूल सिरावल में लगा करियर गाइडेंस मेला

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत सिरावलमाफी के राजकीय हाईस्कूल में शनिवार को करियर गाइडेंस मेला लगा। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने कहा कि विद्यालय से ही बच्चों को प्रगति का मार्ग मिलता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मोनिका यादव ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। छात्राएं राखी, प्रिया, निशा, शीलू, कौशिल्या ने सरस्वती वंदना की। शिवानी, रोशनी, वंदना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि आधुनिक शिक्षा रोजगारपरक है। करियर मेला लगाने का उद्देश्य भी यही है। जिला समन्वयक विवेक सिंह ने कहा कि शैक्षिक उन्नयन पर बच्चों का मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। घर में होमवर्क पर अभिभावकों को भी ध्यान देना जरूरी है। इस दौरान आजमगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं रोशनी, शिवानी, राखी को जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रमाणपत्र देकर बधाई दी। इस दौरान नोडल शिक्षक अंकिता देवी पांडेय, सुभाष सिंह, कमल सिंह, छात्र-छात्राएं अभिभावक मौजूद रहे।

चाहे ऐश्वर्या राय हों या सुष्मिता सेन या फिर डायना हेडन, इन सभी में दो बातें कॉमन हैं। पहली यह कि ये सभी अपनी सुंदरता और टैलेंट के बूते अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिताओं में अपना जलवा बिखेर चुकी हैं। दूसरी इन सभी ने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। आज भी देश में कई ऐसी मॉडल्स हैं, जिनकी खूबसूरती और टैलेंट के चर्चे दुनिया में होते हैं। साथ ही यह वर्ल्ड ब्रांड के लिए एड या मॉडलिंग भी कर रही हैं। लक्ष्मी मेनन, भूमिका अरोड़ा और वर्षिता थाटावर्ती जैसी मॉडलों ने साबित कर दिया है कि भारतीय प्रतिभा वास्तव में विश्व मंच तक पहुंच रखती हैं। आइए जानते हैं टॉप फाइव मॉडल्स के बारे में...

-फीचर डेस्क

# दुनिया में धूम मचाने वाली पांच देसी मॉडल





## श्रुति सितारा

श्रुति सितारा एक भारतीय मॉडल और अभिनेत्री हैं, जिन्हें मुख्य रूप से 2021 में मिस ट्रांस ग्लोबल प्रतियोगिता जीतने के लिए जाना जाता है। वह अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय ट्रांस महिला हैं। मॉडलिंग के अलावा, उन्होंने मलयालम सिनेमा में भी काम किया है और LGBTQ+ अधिकारों की लड़ाई भी लड़ रही है। श्रुति ने केरल में ट्रांस महिलाओं के लिए आयोजित एक सौंदर्य प्रतियोगिता 'क्वीन ऑफ ध्वायाह' जीती है। उन्होंने LGBTQ+ अधिकारों पर केंद्रित ऑनलाइन अभियान 'कैलिडोस्कोप' और सामाजिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों के लिए समर्पित 'राइज अप फोरम' की स्थापना की है।



## वर्षिता थाटावर्ती

वर्षिता थाटावर्ती भारतीय सुपर मॉडल हैं, जिन्होंने सब्यसाची मुखर्जी के लिए काफी काम किया है। उन्हें रूढ़िवादिता को तोड़ने और मॉडलिंग में बॉडी पॉजिटिविटी और विविधता को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। वर्षिता टी मिलानो फैशन वीक के लिए ध्रुव कपूर की डिजिटल प्रस्तुति में शामिल हुई थीं और उन्होंने अभिनेत्री कैटरीना कैफ द्वारा नाइका के साथ साझेदारी में स्थापित सौंदर्य ब्रांड के ब्यूटी के साथ सहयोग किया था। वह अधिक नैतिक और सुलभ फैशन परिदृश्य की वकालत करती हैं, उद्योग में शरीर के प्रकार और त्वचा के रंग से संबंधित मानदंडों को चुनौती देती हैं तथा युवा महिलाओं को इस कला के प्रति अपने जुनून को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

## भूमिका अरोड़ा

भारतीय फैशन मॉडल, भूमिका अरोड़ा को 2016 में वोग इंडिया के कवर पेज पर आने के बाद 'नेक्स्ट इंडियन सुपर मॉडल' का खिताब दिया गया था। इसके बाद से, उन्होंने कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं, डिजाइनरों और हाई-फैशन ब्रांड्स के साथ काम किया है। भूमिका अपने ब्रेकआउट सीजन, 2015 में, उन्होंने न्यूयॉर्क फैशन वीक में कई प्रतिष्ठित डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया, जिनमें अलेक्जेंडर वांग और वेरा वांग भी शामिल थे। उसी सीजन में, उन्होंने लंदन फैशन वीक में गैरेथ पुघ, जोनाथन सॉन्डर्स, सिमोन रोचा और अन्य प्रमुख लेबलों के लिए तथा मिलान में फेंडी शो में कार्ल लेगरफेल्ड के लिए रैंप वॉक किया।



## कैरल ग्रेसियस

भारतीय सुपर मॉडल कैरल ग्रेसियस, लॉरियल इंडिया द्वारा 'एलीट लुक ऑफ द ईयर' का खिताब जीतने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने लैक्मे फैशन वीक सहित कई फैशन शो में रैंप वॉक किया है और 2000 से 2010 के दशक की शुरुआत में हिंदी फिल्मों के म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है। कैरोल 'बिग बॉस 1' में एक प्रतियोगी थीं, जहां वह प्रथम रनर-अप रहीं और बाद में 'फियर फैक्टर : खतरों के खिलाड़ी 2' में भी दिखाई दीं, जहां वह द्वितीय रनर-अप रहीं। जब उन्होंने गर्भावस्था के दौरान भी रैंप वॉक किया, तो वे भारतीय रनवे पर विविधता और बॉडी पॉजिटिविटी का चेहरा बन गईं।

## लक्ष्मी मेनन

लक्ष्मी मेनन भारत की शीर्ष महिला मॉडलों में से एक हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय डिजाइनरों और पत्रिकाओं के साथ काम करने के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कॉलेज के दिनों में ही एक मॉडल के रूप में काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होंने जीन पॉल गॉल्टियर के चैनल शो में काम किया। इसके बाद, उन्होंने हर्मीस कैटवॉक पर काम किया और एच एंड एम, गिवेंची, ब्लूमिंगडेल, नॉर्डस्ट्रॉम, डी एंड जी जैसे कई ब्रांडों के लिए प्रचार किया। वह पिरेली कैलेंडर (2011) में शामिल होने वाली पहली भारतीय मॉडल हैं और उनकी तस्वीर कार्ल लेगरफेल्ड ने ली थी।

ओटीटी प्लेटफार्म

## स्ट्रेंज थिंग्स सीजन-5

# हर एपिसोड का खर्च 500 करोड़

नेटनेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स का पांचवां और अंतिम सीजन नवंबर और दिसंबर 2025 में तीन भागों में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो इस महाकाव्य का एक रोमांचक अंत करेगा। यह सीजन 1987 की शरद ऋतु में शुरू होता है, जहां हॉकिन्स शहर अपसाइड डाउन के रिफ्ट्स से बुरी तरह प्रभावित है। इस आखिरी लड़ाई में, टीम वेक्ना को ढूंढने और मारने के मिशन पर है, जो रहस्यमयी ढंग से गायब हो गया है। इस सीजन में कहानी वापस हॉकिन्स में लौटेगी, जिससे पहले सीजन की तरह ही एक गहरा जुड़ाव महसूस होगा। इस बार खतरा पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और घातक है और हर एपिसोड एक छोटी फिल्म जैसा अनुभव देगा।

नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज स्ट्रेंज थिंग्स सीजन-5 इस साल तीन हिस्सों में रिलीज होने जा रहा है, जिसका बजट टीवी इतिहास में सबसे अधिक बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सीजन-5 का प्रति एपिसोड बजट 50-60 मिलियन डॉलर (443 से 532 करोड़ रुपये) के बीच है। बजट के मामले में ये "द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर" के बजट के करीब पहुंच चुकी है। इसके प्रति एपिसोड की लगात 58 मिलियन डॉलर (लगभग 514 करोड़ रुपये) थी, जिसकी वजह से ये सबसे महंगी वेब सीरीज में से एक है। इस पूरे सीजन का बजट लगभग 480 मिलियन डॉलर यानी 4261 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

स्ट्रेंज थिंग्स सीजन-4 का बजट भी 30 मिलियन डॉलर (266 करोड़ रुपये) प्रति एपिसोड था, लेकिन आखिरी सीजन का बजट इसे कहीं पीछे छोड़ देता है। इस सीजन में 8 एपिसोड होंगे, जिनमें से पहले चार 26 नवंबर, अगले तीन 25 दिसंबर और अंतिम एपिसोड 31 दिसंबर को रिलीज होगा। प्रत्येक एपिसोड की अवधि 90 मिनट से दो घंटे तक होगी, जो इसे फिल्मों जैसा भव्य बनाता है। "स्ट्रेंजर थिंग्स" ने दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज पैदा किया है। नेटफ्लिक्स की ये वेब सीरीज काफी मायने रखती है और इस ओटीटी प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता में अहम भूमिका निभाती है। ये सीरीज भी "गेम ऑफ थ्रोन्स" और "स्टार वॉर्स" जैसी सीरीज की लीग में आती है। "स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5" के शोरनर मैट डफर और रॉस डफर हैं। इस सीरीज में विनोना रायडर, मिली बॉबी ब्राउन, डेविड हार्बर, फिन वुल्फहार्ड और गेटेन माताराज्जो मुख्य किरदारों में दिखेंगे। इन पांच सीजन में कुल 42 एपिसोड होंगे। "स्ट्रेंजर थिंग्स" सीजन 5 का प्रीमियर 26 नवंबर, 2025 को नेटफ्लिक्स पर होगा तो अब इंतजार तो बनता है।




## मॉडल आफ द वीक



**नामः** निशा कुरैशी
**टाउनः** बरेली
**एजुकेशनः** बीबीए
**अचीवमेंटः** कई इवेंट्स में मॉडलिंग
**ड्रीमः** मॉडलिंग व एक्टर


ज़िंदगी का सफर

# हिंदी फिल्मों के पहले 'चॉकलेट ब्वाय' जॉय मुखर्जी



जॉय मुखर्जी हिंदी फिल्मों के पहले चॉकलेटी ब्वाय थे। वह पहले हीरो थे, जो पहली बार ऑन स्क्रीन शर्टलेस नजर आए थे। वह अपने डांस और रोमांटिक किरदारों के लिए जाने जाते हैं। उनका जन्म झांसी में 24 फरवरी, 1939 में एक प्रमुख फिल्मी परिवार में हुआ था, जिसके सदस्य बॉलीवुड से गहरे रूप से जुड़े हुए थे। उनके पिता शशिधर मुखर्जी प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और फिल्मालय स्टूडियो के सह-संस्थापक थे। उनकी मां सती देवी किशोर कुमार की बहन थीं। उनके भाई देव मुखर्जी और शोमू मुखर्जी थे और अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं। उन्होंने देहरादून के कर्नल ब्राउन कैंब्रिज स्कूल और बाद में सेंट जेवियर्स कॉलेज में पढ़ाई की।

अभिनय करियर की शुरुआत 1960 में फिल्म 'लव इन शिमला' से अपने करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके साथ साधना थीं। इस फिल्म से वह एक रोमांटिक हीरो के रूप में स्थापित हुए। 60 के दशक में उन्होंने कई सफल रोमांटिक फिल्मों में काम किया। उनकी जोड़ी अक्सर आशा पारेख और



सायरा बानो जैसी अभिनेत्रियों के साथ बनती थी। फिर वही दिल लाया हूं (1963), जिद्दी (1964), लव इन टोक्यो (1966), शागिर्द (1967), एक मुसाफिर एक हसीना (1962) जैसी फिल्मों में उन्होंने काम किया। 1960 के दशक के अंत तक, जब रोमांटिक आइकॉन राजेश खन्ना का उदय हुआ, तो जॉय मुखर्जी की लोकप्रियता कम होने लगी और उन्हें मुख्य भूमिकाएं मिलना बंद हो गईं। इस बीच उनकी कई फिल्में भी नहीं चल सकीं। अभिनय की भूमिकाएं कम होने पर उन्होंने निर्देशन और निर्माण में कदम रखा। उनकी पहली निर्देशित फिल्म हमसाया थी, जो व्यावसायिक रूप से सफल नहीं हुई। हालांकि उन्होंने 1977 में राजेश खन्ना अभिनीत छैला बाबू का निर्देशन किया, जो एक बड़ी सफलता साबित हुई और उन्हें वित्तीय परेशानियों से बाहर निकाला। 1985 में उन्होंने फिल्म इंसाफ मैं करूंगा में नकारात्मक भूमिका निभाई, जो उनकी अंतिम सफल फिल्म थी। 2009 में वह अपने बेटे सुजॉय मुखर्जी के साथ टीवी सीरियल ए दिले नादां में भी दिखाई दिए। जॉय मुखर्जी का 9 मार्च को 73 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया। जॉय मुखर्जी की फिल्में आज भी उनके प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हैं। उन्हें एक ऐसे अभिनेता के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा में रोमांस को एक नया आयाम दिया।

**दिवाली पर उपहार में दें फास्टैग वार्षिक पास**

**नई दिल्ली।** एनएचएआई ने शनिवार को कहा कि फास्टैग वार्षिक पास अब राजमार्ग यात्रा एप के जरिए किसी को भी उपहार में दिया जा सकता है। इसके लिए एप पर पास जोड़ें विकल्प पर क्लिक करते उस व्यक्ति का वाहन नंबर और संपर्क विवरण जोड़ना होगा, जिसे वे फास्टैग वार्षिक पास उपहार में देना चाहते हैं। एनएचएआई ने कहा कि ओटीपी सत्यापन के बाद उस वाहन से जुड़े फास्टैग पर वार्षिक पास सक्रिय हो जाएगा।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 19 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### फेडरल का लाभ 9.51% घटकर 992 करोड़

**मुंबई।** फेडरल बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 9.51% घटकर 991.94 करोड़ रुपये रह गया। फेडरल बैंक को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,096.25 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय 5.4% बढ़कर 2,495 करोड़ रुपये हो गई। एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी ने बताया कि बैंक चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ऋण पुस्तिका को 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रख रहा है, जो पहली छमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि से अधिक होगा।

### पीएनबी को हुआ 4,904 करोड़ का लाभ

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 4,904 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 4,303 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक को 7,227 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ हुआ, जबकि अप्रैल से सितंबर (पहली छमाही) में यह लाभ 14,308 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक की आय 36,214 करोड़ और 2025-26 की पहली छमाही में 73,445 करोड़ रुपये रही।

# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता सौहार्दपूर्ण माहौल में बढ़ रही आगे

## भारत किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

- **केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल बोले- चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्यात में होगी सकारात्मक वृद्धि**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गोयल ने यह भी भरोसा जताया कि अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि होगी। उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत के किसानों का, मछुआरों का, भारत के एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र का, जब तक देश हितों को पूरी तरह से हम संभाल नहीं लेते, तब तक कोई समझौता नहीं हो सकता।



जीएसटी बचत उत्सव के दौरान प्रेसवार्ता में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव।

प्रस्तावित समझौते पर दोनों देशों के बीच बातचीत की प्रगति और इसके कब तक पूरा होने के बारे में गोयल ने कहा कि बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में चल रही है। यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका भारत के कृषि क्षेत्र में रियायतें चाह रहा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय अधिकारियों का दल इस सप्ताह अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए वाशिंगटन में था। इस वर्ष फरवरी में, भारत और अमेरिका के नेताओं ने अधिकारियों को एक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत आगे बढ़ाने को कहा था। उन्होंने समझौते के पहले चरण को 2025 में अक्टूबर-नवंबर तक पूरा करने की समय सीमा तय की है। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। पिछले महीने, गोयल ने व्यापार वार्ता के लिए एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व न्यूयॉर्क में किया था।

गोयल ने भरोसा जताया कि अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितंबर) के दौरान देश के वस्तु एवं सेवा निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्त् वर्ष 2025-26 के अप्रैल-सितंबर के दौरान यह लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 413.3 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान भारत का वस्तु निर्यात भी तीन प्रतिशत बढ़कर 220.12 अरब डॉलर रहा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में हमारी वस्तुओं और सेवाओं की मांग है और भारत इस वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा और हमें विश्वास है कि 2025-26 में देश के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि होगी।

### जीएसटी में सुधार से देश को गमिलेगी गति

गोयल ने कहा कि जीएसटी में सुधार से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और वैश्विक चुनौतियों के प्रभाव से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी की घोषणा होते ही निवेशकों को तुरंत एहसास हो गया कि यह एक बड़ा लाभ है। मांग में भारी वृद्धि होगी। ई-कॉमर्स कंपनियों के जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाने पर मंत्री ने कहा कि आमतौर पर सभी कंपनियों ने लाभ पहुंचाया है और उन्होंने नकद बोनस और छूट की भी घोषणा की है। लेकिन किसी साइट या मंच ने लाभ नहीं पहुंचाया है तो उपभोक्ता शिकायत कर सकता है और विभाग जरूरी कदम उठाएगा।

### जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि जीएसटी सुधारों का लाभ कम कीमतों के रूप में उपभोक्ताओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार 22 सितंबर को जीएसटी की कम दरें लागू होने के बाद से देश भर में 54 वस्तुओं की कीमतों पर नजर रख रही है। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी के चलते खरीदारी बढ़ी है। उपभोग में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें भरोसा है कि ऐसी हर वस्तु पर कंपनियां उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने बताया कि कुछ वस्तुओं के मामले में व्यवसायों ने जीएसटी दर कटौती से अधिक लाभ उपभोक्ताओं को दिया है। सीतारमण ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग को जीएसटी कटौती के अनुरूप कीमतों में कमी न करने से संबंधित 3,169 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 3,075 शिकायतें केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के नोडल अधिकारियों को भेज दी गई हैं। विभाग ने 94 शिकायतों का समाधान किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि विभाग शिकायत पोर्टल पर एक सुविधा उपलब्ध कराएगा, ताकि शिकायतों को उन संबंधित क्षेत्रों के मुख्य आयुक्तों को भेजा जा सके जहां से शिकायतें मिली हैं।

### जीएसटी सुधारों से 20 लाख करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक्स बिक्री की उम्मीद: वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों के कारण इस साल 20 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक्स बिक्री होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि सभी खुदरा शृंखलाओं के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले नवरात्रि की तुलना में 20-25 प्रतिशत अधिक बिक्री हुई और 85 इंच के टीवी जैसी कई ऐसी श्रेणियां हैं जिनका स्टॉक पूरी तरह से बिक गया। वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बढ़ती मांग का सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर पड़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण अब दोहरे अंकों की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। इस साल खपत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की पूरी संभावना है, जिसका अर्थ है कि पिछले वर्ष की तुलना में 20 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बिक्री होने की प्रबल संभावना है। वह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जीएसटी सुधारों से होने वाली बचत पर बोल रहे थे। ये सुधार 22 सितंबर, 2025 से लागू हुए थे।

# कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में आई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में क्रमशः शून्य से 0.07 प्रतिशत नीचे और 0.31 प्रतिशत रह गई। यह आंकड़ा अगस्त में क्रमशः 1.07 प्रतिशत और 1.26 प्रतिशत था। श्रम मंत्रालय ने शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इसके मुताबिक सितंबर 2025 में कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) 0.11 अंक घटकर 136.23 हो गया। इस दौरान ग्रामीण श्रमिकों का सूचकांक (सीपीआई-आरएल) 0.18 अंक घटकर 136.42 पर था। अगस्त 2025 में सीपीआई-एएल 136.34 अंक और सीपीआई-आरएल 136.60 अंक थे। सितंबर 2025 में कृषि मजदूरों (एएल) के लिए खाद्य सूचकांक



में 0.47 अंक और ग्रामीण मजदूरों (आरएल) के लिए 0.58 अंक की कमी आई।

मंत्रालय ने बताया कि सितंबर 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति कृषि मजदूरों के लिए शून्य से 2.35 प्रतिशत नीचे और ग्रामीण मजदूरों के लिए शून्य से 1.81 प्रतिशत नीचे रही।

# सोने की डिजिटल बिक्री बढ़ी, आभूषण बाजार ने बदला अंदाज

- **फिक्की-डेलॉयट के मुताबिक 73% लोग पहले ऑनलाइन लेते हैं जानकारी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में आभूषणों की खरीदारी का तरीका तेजी से बदल रहा है। पहले लोग आभूषण खरीदने सुनार के पास जाते थे, लेकिन अब यह ऑनलाइन हो रहा है। भारत में सोने और हीरे से लोगों का पुराना जुड़ाव है। अब इस क्षेत्र में डिजिटल बाजार की पैठ तेजी से बढ़ रही है। ऑनलाइन मंच पर हॉलमार्क प्रमाणन, ब्रांड की गारंटी और बेहतर सर्विस के कारण लोग ऑनलाइन गहने खरीदने में भरोसा दिखा रहे हैं।



धनतेरस के अवसर पर शोरूम में आभूषण की खरीदारी करते लोग।

फिक्की-डेलॉयट की रिपोर्ट के मुताबिक, 73% लोग अब किसी भी चीज की जानकारी सबसे पहले ऑनलाइन ही लेते हैं यहां तक की आभूषण के लिए भी। हालांकि 53% ग्राहक अब भी आखिरी खरीदारी ऑफलाइन स्टोर से करते हैं, लेकिन यह रुझान तेजी से बदल रहा है। देश में आभूषणों का बाजार वर्ष 2025 तक 91 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है और 2030 तक यह 146 अरब डॉलर का हो सकता है।

### धनतेरस पर सोने की बिक्री 15% घटने का अनुमान

**मुंबई/नई दिल्ली।** धनतेरस पर सोने और चांदी की खरीदारी शनिवार को शुरू हो गई है। आभूषण विक्रेताओं को उम्मीद है कि ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी, लेकिन सोने की रिकॉर्ड उच्च कीमतों के कारण मात्रा के मामले में मांग पिछले साल की तुलना में 15% तक कम हो सकती है। बिक्री मात्रा के लिहाज से 15% तक घटने का अनुमान धनतेरस को हिंदू पंचांग में बर्तन से लेकर कीमती धातुओं तक की खरीदारी के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। इस बार धनतेरस दो दिनों तक मनाया जा रहा है। यह पर्व रविवार दोपहर पौने दो बजे तक चलेगा। आभूषण विक्रेताओं को उम्मीद है कि ऑनलाइन और दुकानों पर ग्राहक बड़ी संख्या में खरीदारी करने आएंगे। इस बार 24 कैरेट सोने की कीमत सभी करों सहित बढ़कर 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो गत वर्ष धनतेरस के दिन 81,400 रुपये थी। चांदी की कीमतें 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर हैं। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के चेयरमैन राजेश रॉकड़े ने कहा कि हमें उम्मीद हैं कि मुहूर्त के बाद खरीदारी में तेजी आएगी। चूंकि यह त्योहार सप्ताहांत पर पड़ रहा है। सालाना आधार पर मूल्य के संदर्भ में सोने की बिक्री में 40-45% बढ़ने की उम्मीद है।



# अवैध प्रवासियों का रेड कार्पेट पर हो रहा स्वागत

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- उन्होंने वोट चोरी का मुद्दा छोड़ दिया

**पटना, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य असम में घुसपैठ रुक गई है, लेकिन पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में यह जारी है और वहां की सरकार अवैध प्रवासियों का रेड कार्पेट पर स्वागत कर रही है। पटना में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा और कहा कि उन्होंने अब वोट चोरी के मुद्दे को छोड़ दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने दोहराया कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया घुसपैठियों को चिह्नित कर हटाने में सहायक होगी। यह अचंभे की बात है कि विपक्ष निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई उस प्रक्रिया पर आपत्ति जता रहा है, जिसका उद्देश्य घुसपैठियों को बाहर करना है। मैं एसआईआर प्रक्रिया



का समर्थन करता हूं। यह पूरे देश में लागू की जाएगी। देश में घुसपैठ की जिम्मेदारी पर शाह ने कहा कि लुटियंस दिल्ली में बैठे लोगों को सीमाओं की हकीकत का अंदाजा नहीं है। बांग्लादेश सीमा पर घने जंगल हैं, विशाल नदियां हैं जो बरसात में उफान पर रहती हैं। वहां बाड़ लगाना और 24 घंटे निगरानी रखना असंभव है। सुरक्षा बलों की नौकाएं भी कई बार बह जाती हैं। मेरा सवाल है - जब कोई व्यक्ति पड़ोसी देश से हमारे क्षेत्र में घुसता है, तो क्या यह स्थानीय थाने और पटवारी को पता नहीं चलता? ये अधिकारी चेतावनी क्यों नहीं देते? क्योंकि उन्हें ऊपर से आदेश मिला है कि इन घुसपैठियों का 'रेड कार्पेट' बिछाकर स्वागत करो। यही कारण है कि प. बंगाल में घुसपैठ जारी है, जबकि असम में उस पर रोक लग चुकी है। उन्होंने प. बंगाल के लोगों से अपील की कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को सत्ता से बाहर करें।

शाह ने कहा कि हम राज्य से हर एक घुसपैठिए को निकाल देंगे। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए शाह ने कहा कि वह अब वोट चोरी का आरोप भूल गए हैं। 15 दिनों में जब भी गांधी जनता के बीच आए, उन्होंने इस राग को नहीं अलापा। शायद बिहार की जनता ने उन्हें इस मुद्दे से पीछे हटने पर मजबूर कर दिया है। उन्हें किसी सुझाव के आधार पर सलाह दी गई होगी। उन्होंने यह बात राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के संदर्भ में कही, जो कुछ माह पूर्व बिहार में निकाली गई थी। राहुल गांधी ने उस यात्रा में आरोप लगाया था कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। शाह ने विपक्ष के इस आरोप को खारिज किया कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक, विपक्षी दलों की सरकारों को अस्थिर करने की साजिश है।

### नया मुखौटा पहने जंगलराज पर भरोसा न करें जनता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार की जनता को नए मुखौटा पहने जंगलराज पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में सत्ता बरकरार रखेगा। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) दरअसल जंगलराज का नया रूप है, जबकि राजग ने प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को स्थिरता और प्रगति की राह पर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मैं बिहार की जनता का आशीर्वाद लेने आया हूं। 20 वर्षों में हमने इस राज्य को नरक से बाहर निकाला है। अब समय है कि इस मजबूत नींव पर एक संरचना तैयार की जाए। मैं जनता से अपील करता हूं कि वे जंगलराज लाने वालों पर भरोसा न करें, चाहे वे किसी नए चेहरे या गठबंधन के रूप में क्यों न आएं। मैं लोगों से नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे राजग को एक और मौका देने का आग्रह करता हूं। इससे हमें वर्षों से चली आ रही प्रगति को जारी रखने में मदद मिलेगी, जिसमें केंद्र में (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी और राज्य में (मुख्यमंत्री) नीतीश हैं।

# बक्सा जेल के पास हिंसा में नौ गिरफ्तार

**गुवाहाटी, एजेंसी**

- **पांच आरोपियों को जेल ले जाने के दौरान हुई थी हिंसा**
- **हिंसा में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी को अभियान जारी**

### जुबिन की मौत मामला

गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को असम के बक्सा जिले की जेल में स्थानांतरित किए जाने के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बक्सा के एसएसपी उज्ज्वल प्रतिम बरुआ ने बताया कि हिंसा में शामिल कई अन्य लोगों की पहचान हो गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान जारी है।

अधिकारी ने बताया कि हमने अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। और लोगों की पहचान हो गई है। कुछ आरोपी अब भी फरार हैं लेकिन हम उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। हमने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है और एक टीम इसकी जांच में जुटी है। मीडिया, स्थानीय लोग, सभी हमारी मदद कर रहे हैं।

बरुआ ने बताया कि स्थानीय लोग ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को खाना मुहैया करा रहे हैं। बक्सा जेल के निकट बुधवार को उस समय हिंसा भड़की थी, जब गर्ग की मौत के मामले में पांच आरोपियों को गुवाहाटी की अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद यहां लाया गया था। बरुआ ने बताया कि गर्ग को चाहने वालों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रशंसक होने की आड़ में हिंसा भड़काने वालों की पहचान कर ली गई है। जो लोग दोषी है उनमें बाइक व मवेशी चोर और कई हिस्ट्रीशीटर हैं। व्हाट्सएप पर एक ग्रुप मिला है, जिसमें अशांति फैलाने पर चर्चा हो रही थी। आरोपियों को ले जा रहे काफिले की गतिविधियों के बारे में मीडिया से मिल रही जानकारियों को इस ग्रुप में साझा किया जा रहा था।

### सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाला पकड़ाया

असम के नागांव जिले में गायक जुबिन गर्ग की मौत से संबंधित भड़काऊ टिप्पणी वाला विवादास्पद वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में 27 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को बताया कि आरोपी ने ओटीटी मंच की 'क्लिप' का इस्तेमाल किया और उसमें भड़काऊ टिप्पणी जोड़ी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, नागांव के तेलिया बेबेजिया निवासी मोहम्मद इंजामुल हक को 15 अक्टूबर को अपने फेसबुक पेज पर एसके अहमद नाम से गर्ग की मौत से संबंधित विवादास्पद वीडियो साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में मौत हुई थी। सीआईडी मौत की जांच कर रही है।

## मढ़ौरा सीट से लोजपा (आर) की उम्मीदवार सीमा सिंह का नामांकन रद्द

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को शनिवार को उस समय असहज स्थिति का सामना करना पड़ा जब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की उम्मीदवार सीमा सिंह का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। भोजपुरी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं सीमा सिंह को लोजपा (आर) ने सारण जिले की मढ़ौरा विस सीट से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन पत्रों की जांच के दौरान तकनीकी कारणों से उनका नामांकन रद्द हो गया। केंद्रीय मंत्री और पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि हमने निर्वाचन आयोग के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई है। यह स्थिति छोटी सी त्रुटि से उत्पन्न हुई है। उम्मीद है कि जल्द समाधान हो जाएगा। मढ़ौरा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार अल्ताफ आलम राजू का नामांकन भी रद्द कर दिया गया है।



- **निर्दलीय उम्मीदवार अल्ताफ आलम राजू का भी नामांकन हुआ रद्द**

# अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के प्रति करें जागरूक : न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर कानून प्रवर्तन की जिम्मेदारी संभालने वाली एजेंसियों के लिए ये जरूरी है कि वे अंतर्राष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने से पहले अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के बारे में जागरूक बनाएं।



- **एनआरआई के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी**

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने रॉकी अब्राहम नाम के प्रवासी भारतीय (एनआरआई) के खिलाफ जारी आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। रॉकी दो दशक पहले इटली में बस गए थे। उन्हें जनवरी 2025 में हिरण का सींग ले जाने के लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के प्रावधानों के तहत दिल्ली हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। वह दो हफ्ते तक हिरासत में रहे, जिसके बाद उन्हें भारत छोड़ने पर प्रतिबंध सहित अन्य कठोर शर्तों के तहत जमानत मिल गई। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के सामान से बरामद वस्तु का डीएनए परीक्षण किया गया, जिसमें उसके हिरण का सींग होने की बात सामने आई, जिसे ले जाना भारत में वन्यजीव से संबंधित कानून के किसी प्रावधान का उल्लंघन नहीं है। पीठ ने कहा कि ऐसी गलत कार्रवाइयों से अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, साथ ही अधिकारियों का आचरण मानवाधिकार गारंटी के उल्लंघन के दायरे में भी आता है।

## मतदान के दिन मतदाता सवैतनिक अवकाश के हकदार : निर्वाचन आयोग

**बिहार विस चुनाव**

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि बिहार में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाता मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश के हकदार हैं और इस कानूनी प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

आयोग ने कहा कि जिन राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों में 11 नवंबर को उपचुनाव होना है, वहां के मतदाता भी सवैतनिक अवकाश के हकदार हैं। आयोग ने कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के अनुसार, किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति, और लोकसभा या किसी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा के चुनाव में मतदान करने का हकदार है, उसे मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। आयोग ने कहा कि इस तरह के अवकाश के कारण वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी।

# संस्कृति समागम 2025 : परंपरा और आधुनिकता का जीवंत समन्वय

**संवाददाता, भोपाल,**

- **वीआईटी विवि ने दी मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी भोपाल को नई पहचान**

**अमृत विचार :** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संस्कृति समागम 2025 ने भारतीय संस्कृति, कला, संगीत और तकनीक के अनुपम संगम के साथ मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी भोपाल को नई पहचान दी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स में आयोजित ऐतिहासिक सांस्कृतिक उत्सव ने परंपरा और आधुनिकता का जीवंत समन्वय प्रस्तुत किया।

इस वर्ष की थीम मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित थी, जिसमें लोककला, शास्त्रीय संगीत, नृत्य और परंपराओं की आत्मा को मंच पर उतारा गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मध्य प्रदेश मेगा ड्रोन शो, जो राज्य का पहला ऐसा शो था। इसमें 400 ड्रोनों ने 120 फीट की ऊंचाई पर 4 किलोमीटर के दायरे में आकर्षक दृश्य रचनाएं बनाईं, जो शास्त्रीय और लोक प्रस्तुतियों के साथ समन्वित थीं। इस शो ने दर्शकों को कला और नवाचार का अद्भुत अनुभव प्रदान किया। पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह ने अपने शास्त्रीय नृत्य से भारतीय संस्कृति और नारीत्व की गहनता को जीवंत किया। सिस्थु खान, अनन्या चक्रवर्ती और विनी शंकर की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में मंत्रिगण, सांसद, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद् और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज शामिल हुए।

वीआईटी भोपाल के चांसलर शंकर विश्वनाथन, ट्रस्टी मीरा मणि बालसुंदरम, वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. टीबी श्रीधरन और एक्टिंग रजिस्ट्रार केके नायर की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बनाया। संकाय सदस्यों, स्टाफ, पूर्व छात्रों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने इसकी भव्यता को बढ़ाया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मोजाम्बिक: नाव दुर्घटना में तीन भारतीयों की मौत

**मापुतो।** मोजाम्बिक में एक नाव दुर्घटना में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, एक घायल हो गया जबकि पांच को बचा लिया गया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, भारतीय मिशन ने बेरा बंदरगाह के पास हुई दुर्घटना में तीन भारतीयों सहित सभी लोगों की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि मिशन के एक कांसुलर अधिकारी ने उस भारतीय नागरिक से मुलाकात की, जो दुर्घटना में बच गया था। उसने कहा, पांच अन्य भारतीयों को बचा लिया गया है। मध्य मोजाम्बिक में बेइरा बंदरगाह के पास 14 भारतीय नागरिकों सहित कई लोगों को ले जा रही नौका पलट गई थी।

### कल से फिर खोल दी जाएगी रफाह सीमा

**काहिरा।** मिस्र स्थित फलस्तीनी दूतावास ने कहा है कि गाजा और मिस्र के बीच रफाह सीमा को सोमवार को गाजा लौटने वाले लोगों के लिए फिर खोल दिया जाएगा। दूतावास के सांस्कृतिक दूत नाजी अल-नाजी ने को बताया, गाजा लौटने के लिए पंजीकरण कराने वाले लोगों की संख्या बहुत बड़ी है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने लोग वापस लौटने के लिए पंजीकरण करा रहे हैं। इजराइल की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिली है। यह सीमा गाजा का बाहरी दुनिया से जुड़ने का एकमात्र रास्ता है, जिस पर युद्ध से पहले इजराइल का नियंत्रण नहीं था। मई 2024 से यह तब से बंद है जब इजराइल ने गाजा के उस हिस्से पर नियंत्रण कर लिया था।

### ब्रिटेन: सिख महिला से रेप के शक में दो पकड़े

**लंदन।** इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के ओल्डबरी में पिछले महीने एक सिख महिला के साथ बलात्कार के संदेह में एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। माना जा रहा है कि ये घटना नस्लीय भेदभाव के कारण अंजाम दी गई। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ये गिरफ्तारियां बृहस्पतिवार रात को उसी काउंटी के हेल्सओवेन में महिला (30) के साथ हुए बलात्कार के सिलसिले में की गई हैं। बाद में दोनों आरोपियों को 20 वर्षीय ब्रिटिश सिख महिला के उत्पीड़न के मामले में भी गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान: शीर्ष अफसर का अपहृत बेटा बरामद

**क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के जियारत क्षेत्र के निकट अपहृत एक शीर्ष सरकारी अधिकारी के बेटे को सुरक्षा एजेंसियों ने ढूंढ लिया है। जियारत के सहायक आयुक्त मुहम्मद अफजल बकी और उनके बेटे का लगभग दो महीने पहले जियारत के पास से अपहरण कर लिया गया था। पुलिस के एक एक वरिष्ठ अधिकारी बिलाल शेख ने कहा कि बकी अब भी लापता हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिकारी उनकी सुरक्षित बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# ब्रिटेन: एपस्टीन से संबंधों पर घिरे प्रिंस एंड्रयू ने छोड़ीं शाही उपाधियां

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई राजकुमार एंड्रयू ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने संबंधों को लेकर लग रहे आरोपों के बीच राजा के साथ चर्चा के बाद ड्यूक ऑफ यॉर्क और अन्य सभी शाही उपाधि त्याग दी हैं।

राजकुमार एंड्रयू (65) ने 'हिज रॉयल हाइनेस' की उपाधि का उपयोग पहले ही बंद कर दिया था। उन्होंने घोषणा की कि उनकी अन्य सभी उपाधियां भी निष्क्रिय हो जाएंगी। हालांकि, वे अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों का पुरजोर खंडन करते रहे हैं। दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पुत्र होने के नाते, वे 1917 में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा जारी 'लेटर्स



पेटेंट' के अनुसार 'राजकुमार' की उपाधि बरकरार रखेंगे, जिसे उनकी मां ने 2012 में अद्यतन किया था। एक बयान में राजकुमार एंड्रयू ने कहा, राजा और मेरे निकट एवं व्यापक परिवार के साथ चर्चा में हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि मुझ पर लगातार लग रहे आरोप महामहिम (चार्ल्स) और शाही परिवार के काम में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा की तरह, अपने परिवार और देश के प्रति अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखने का निर्णय लिया है।

## खतरनाक भविष्य की ओर इशारा

मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते हुए कार्डियक अरेस्ट से एक बच्चे की मौत के बाद यह सवाल एक बार फिर सुर्खियों में है कि मोबाइल गेम लोगों के दिलोदिमाग पर किस हद तक घातक प्रभाव छोड़ रहे हैं। मोबाइल गेम का जीवन का घातक बन जाना कुछ दिनों की बात नहीं है। यह इतिहास 20 साल से भी ज्यादा पुराना हो चुका है और स्मार्टफोन की उपलब्धता और बढ़ती तकनीक के साथ जुड़ा है। विज्ञापन, इन गेम खरीदारी और सब्सक्रिप्शन से लाभ कमाने वाली कंपनियां उनके दुष्प्रभावों की परवाह नहीं करतीं। वयस्कों से कहीं ज्यादा बच्चों पर इसका नकारात्मक शारीरिक और मानसिक प्रभाव पड़ता है। इसी कारण मोबाइल गेम के मौजूदा दुष्प्रभाव आने वाली पीढ़ी के लिए एक बड़े खतरे की ओर भी इशारा कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में करोड़ों लोग मोबाइल गेम्स के आदी हैं।

## ऑनलाइन गेम्स



### मोबाइल गेम्स का इतिहास

- मोबाइल फोन प्रचलन में आने के साथ वर्ष 2003 में स्नेक, टेट्रिस, ब्रिक गेम जैसे जावा-आधारित छोटे गेम की शुरुआत हुई थी।
- स्मार्ट फोन और एप स्टोर आने के बाद 2009 में एंग्री बर्ड, टेंपल रन और सबवे सर्फर्स जैसे गेम शुरू हुए जिन्हें पसंद किया गया।
- वर्ष 2013 में क्लैश ऑफ क्लैंस, कैंडी क्रश और फिर 2017 के बाद पब जी, फ्री फायल, कॉ ऑफ ड्यूटी और बीजीएमआई आए।
- अब मोबाइल गेम्स ई-स्पोर्ट्स, स्ट्रीमिंग, माइक्रोट्रांजैक्शन आधारित बिजनेस में बदल चुके हैं। यह करोड़ों का कारोबार है।

### मनोवैज्ञानिक प्रभाव और कारण

- वैज्ञानिकों के मुताबिक ये मस्तिष्क में आनंद प्रदान करने वाले हारमोन डोपामिन को ट्रिगर करते हैं, इससे लोग इनके आदी हो जाते हैं।
- जीत, रैंक और रिवार्ड जैसे हथकंडों से इसमें वृद्धि होती है, कंपनियां गेम्स को डोपामिन इंजीनियरिंग के आधार पर ही डिजाइन करती हैं।
- चिकित्सकों के अनुसार गुस्सा बढ़ना, सहनशक्ति कम होना, सामाजिक अलगाव, निराशा, ध्यान भंग जैसे लक्षण गेम के आदी लोगों में आम हैं।

### किस हद तक घातक

- फिलीपींस में 2021 में 12 घंटे तक लगातार बैटल रॉयल खेलने के बाद एक युवक की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई।
- पाकिस्तान में वर्ष 2019 में एक युवक ने पबजी गेम हारने के बाद क्रोधित होकर परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी।
- भारत में भी 2020 में पबजी हारने के बाद एक बच्चे ने अपने पिता की हत्या कर दी थी। रेल ट्रैक पर मौत की कई घटनाएं।

### बच्चों पर असर

- चिकित्सकों का कहना है कि दिमाग परिपक्व न होने से बच्चों पर तेज और गहरा असर होता है।
- हिंसा, आत्महत्या करने और हृदयाघात या शारीरिक थकावट जैसे लक्षण ज्यादा होते हैं।
- गर्दन-रीढ़ दर्द, आंखों पर असर, मोटापा, कार्पल टनल, नींद खराब, एंग्जायटी, डिप्रेशन जैसे लक्षण भी बेहद आम।

### दुनिया का हाल

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में 320 से 350 करोड़ तक लोग ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलते हैं इनमें से करीब 17 करोड़ लोग गंभीर रूप से आदी हैं और मानसिक रूप से बीमार की श्रेणी में पहुंच चुके हैं।

### उठाए जा रहे हैं कदम

- भारत के कुछ राज्यों में पबजी और फ्री फायर जैसे ऑनलाइन गेम्स पर अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगाया गया है।
- चीन में 18 साल से कम बच्चों के लिए सप्ताह में अधिकतम तीन घंटे की गेमिंग सीमा अनिवार्य कर दी गई है।
- दक्षिण कोरिया में शटडाउन लॉ के तहत रात में 16 से कम उम्र वालों के लिए मोबाइल गेम पर प्रतिबंध लगा है।

# ट्रंप का फॉर्मूला: युद्धविराम की कीमत चुकाए यूक्रेन, रूस के कब्जे वाली अपनी जमीन छोड़े

## जेलेंस्की से वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया दोनों देशों का जहां के तहां रुकने का आह्वान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ शुक्रवार को व्हाइट हाउस में लंबी बैठक के बाद यूक्रेन और रूस से युद्ध समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देश जहां हैं वहीं रुक जाएं। ट्रंप की ताजा टिप्पणी को यूक्रेन के लिए लिए रूस के हाथों कब्जाई गई जमीन को वापस लेने की कोशिश छोड़ने का संकेत माना जा रहा है।

ट्रंप राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद से यह युद्ध समाप्त नहीं होने को लेकर कई बार हताशा जता चुके हैं। अब ट्रंप ने जेलेंस्की और उनकी टीम के साथ दो घंटे से अधिक की बातचीत के तुरंत बाद 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, काफी खून-खराबा हो चुका है, संपत्ति की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। उन्होंने कहा, उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए जहां वे हैं। दोनों को जीत का दावा करने दें, इतिहास को फैसला करने दें! ट्रंप ने बाद में फ्लोरिडा पहुंचने के तुरंत बाद दोनों पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने'' का आग्रह किया और संकेत दिया कि रूस यूक्रेन से छीना गया क्षेत्र अपने पास रखे।

ट्रंप ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, आप युद्ध रेखा के अनुसार चलें, चाहे वह कहीं भी हो, वरना यह बहुत जटिल हो जाएगा। ट्रंप ने कहा, आप युद्ध रेखा पर रुक जाएं और दोनों पक्षों को वापस जाना चाहिए, अपने परिवारों के पास जाना चाहिए, हत्याएं बंद करनी चाहिए। जेलेंस्की ने गाजा में पिछले सप्ताह हुए युद्धविराम और बंधक समझौते को लेकर ट्रंप को शुक्रवार को बधाई देते हुए कहा कि अब ट्रंप के पास रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने का बड़ा मौका है। अमेरिकी नेता ने संकेत दिया है कि वह कीव को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली बेचने की सहमति देने को तैयार नहीं हैं। हालांकि यूक्रेन को इसकी सख्त जरूरत है। हाल में ट्रंप ने यूक्रेन को लंबी दूरी की 'टॉमहॉक क्रूज' मिसाइल बेचने की मंशा दिखाई थी, जबकि पुतिन ने चेतावनी दी थी कि इस तरह के कदम से अमेरिका-रूस संबंधों में और तनाव पैदा होगा।



व्हाइट हाउस में युद्धविराम के मुद्दे पर वार्ता के बाद ट्रंप के साथ जेलेंस्की।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा- ट्रंप ने जो बोला, सही बोला

शुक्रवार की बैठक के बाद जेलेंस्की ने कहा कि युद्धविराम और बातचीत का समय आ गया है। उन्होंने जमीन छोड़ने के लिए ट्रंप द्वारा यूक्रेन पर दबाव डाले जाने के बारे में पूछे गए सवाल का सीधा जवाब देने से परहेज किया। जब पत्रकारों ने जेलेंस्की से ट्रंप के पोस्ट के बारे में सवाल किया तो यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, राष्ट्रपति सही हैं। हमें वहीं रुकना होगा जहां हम हैं और फिर बात करनी होगी। युद्ध को लेकर ट्रंप का रुख पुतिन के साथ बृहस्पतिवार को लंबी फोन वार्ता के बाद बदला। फोन पर वार्ता के बाद उन्होंने घोषणा की कि वह आगामी सप्ताहों में हंगरी के बुडापेस्ट में रूसी नेता से मिलने की योजना बना रहे हैं।

### मेरे लिए आसान है पाकिस्तान और अफगानिस्तान का संघर्ष रोकना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अगर उन्हें दोनों देशों के बीच संघर्ष को हल कराने की जरूरत पड़ी तो यह उनके लिए आसान बात होगी। ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ भोज के दौरान मीडिया से कहा, मैं समझता हूं कि पाकिस्तान ने हमला किया या अफगानिस्तान के साथ संघर्ष जारी है, अगर मुझे इसे सुलझाना है तो यह मेरे लिए आसान है। ट्रंप ने लाखों लोगों की जान बचाने का एक बार फिर दावा किया और साथ ही यह आश्वासन भी दिया कि उन्हें अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को सुलझाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, मुझे लोगों को मारे जाने से रोकना अच्छा लगता है। मैंने लाखों-करोड़ों लोगों की जान बचाई है और मुझे लगता है कि हमें इस युद्ध को रोकने में सफलता मिलेगी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर नए हवाई हमले किए जिससे दोहा में होने वाली अपेक्षित वार्ता पर ग्रहण लग गया।

### मैं एक युद्ध रोकता हूं तो वे कहते हैं आपको अगला युद्ध रुकवाने पर नोबल मिलेगा

ट्रंप ने आठ युद्ध रूकवाने के बावजूद नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर एक बार फिर निराशा व्यक्त की है। ट्रंप ने कहा, आप जानते हैं कि हमने आठ अन्य समस्याओं का समाधान किया है। मैंने आठ युद्ध सुलझाए। उन्होंने कहा, हर बार जब मैं एक का समाधान कराता हूं तो वे कहते हैं कि अगर आप अगले का भी समाधान कर लेते हैं तो आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा। ट्रंप ने हालांकि तुरंत यह भी कहा कि उन्होंने यह नोबेल के लिए नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि वह 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो को नहीं जानते। उन्होंने मचाडो का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिला। किसी को यह पुरस्कार मिला है। वह एक बहुत अच्छी महिला हैं, बहुत अच्छी, मुझे नहीं पता कि वह कौन हैं लेकिन वह बहुत उदार हैं इसलिए मुझे इन सब बातों की परवाह नहीं है। मुझे बस लोगों की जान बचाने की परवाह है।

# ढाका अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भीषण आग, रोकी गईं उड़ानें

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो कॉम्पलेक्स में शनिवार को भीषण आग लग गई, जिसके चलते अधिकारियों को सभी उड़ानों का संचालन स्थगित करना पड़ा। आग के बाद हवाई अड्डे के आसपास घना काला धुआं छा गया। घटना में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।

बांग्लादेश नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएबी) ने कहा कि हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोपहर में आग लग गई, जिसके बाद दो दर्जन से ज्यादा दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया और अतिरिक्त टीमें घटनास्थल पर भेजी गईं। अग्निशमन सेवा के प्रवक्ता तल्हा बिन जासिम ने कहा, हमें अपराह्न 2:30 बजे सूचना मिली और हमने हवाई अड्डे पर तैनात दमकल वाहनों की मदद के लिए और दमकल गाड़ियां भेजीं। उन्होंने बताया कि 36 दमकल गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं। सीएएबी के अधिकारियों ने बताया कि वायु सेना की दमकल गाड़ियां भी बचाव अभियान में शामिल हो गईं हैं। सीएएबी के एक प्रवक्ता ने कहा, अगली सूचना तक सभी विमानों के उतरने और उड़ान भरने पर रोक लगा दी गई है। हमारे सभी विमान सुरक्षित हैं।



ढाका हवाई अड्डे से उठते धुएं के गुबार।

- **हवाई अड्डे के साथ वायुसेना की दमकल गाड़ियां भी आग बुझाने में लगीं**

## ट्रंप ने फिर किया दावा- पीछे हट रहा है भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह करेगा बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कहा है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने मॉस्को से तेल की खरीद लगभग बंद कर दी है।

ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ शुक्रवार दोपहर को भोज के दौरान मीडिया से कहा कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने पहले ही तेल की खरीद कम कर दी है और लगभग बंद कर दी है। ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, वे पीछे हट रहे हैं। उन्होंने लगभग 38 प्रतिशत तेल खरीदा है और अब वे ऐसा नहीं करेंगे। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह बाजार की स्थितियों के अनुरूप अपने ऊर्जा स्रोतों का व्यापक आधार तैयार कर रहा है और इसे विविध बना रहा है। भारत के बृहस्पतिवार के बयान से कुछ घंटे पहले ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूसी कच्चे तेल की खरीद बंद कर देगा।

# मुनीर की अफगानिस्तान को चेतावनी शांति और अव्यवस्था में से एक को चुने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख सैयद आसिम मुनीर ने शनिवार को अफगानिस्तान को चेतावनी देते हुए शांति या अव्यवस्था में से किसी एक का चयन करने को कहा। उन्होंने अफगानिस्तान से यह भी कहा कि वह पाकिस्तान के अंदर हमले के लिए अफगान धरती का इस्तेमाल करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी और तत्काल कार्रवाई करे।

मुनीर का बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान ने शुक्रवार देर रात अफगानिस्तान में ताजा हवाई हमले शुरू कर दिए। यह हमला दोनों देशों द्वारा दो दिन के संघर्ष विराम को विस्तारित किए जाने के कुछ घंटों बाद किया गया। मुनीर ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ऐबटाबाद स्थित पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी काकुल में सेना के दीक्षांत समारोह में अफगानिस्तान का जिक्र कर उससे शांति या अव्यवस्था में से एक को चुनने को कहा। मुनीर ने चेतावनी दी कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल करने वाले सभी छद्म आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा।

### भारत को भी गीदड़ भभकी, उकसावे का देंगे निर्णायक जवाब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने शनिवार को तीखी बयानबाजी करते हुए भारत को मामूली उकसावे पर भी निर्णायक जवाब देने की चेतावनी दी और कहा कि परमाणु हथियारों वाली दुनिया में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। मुनीर कहा, मैं भारत के सैन्य नेतृत्व को दृढ़ता से आगाह करता हूं कि हम कभी भयभीत नहीं होंगे, बयानबाजी से प्रभावित नहीं होंगे और बिना किसी झिझक के मामूली उकसावे का भी निर्णायक जवाब देंगे।

## बीजिंग बाल महोत्सव में भारतीय फिल्म 'डुपकी' का हुआ प्रीमियर

**बीजिंग।** भारतीय कॉमेडी फिल्म 'डुपकी' का शनिवार को छठे बीजिंग अंतरराष्ट्रीय बाल महोत्सव में प्रीमियर हुआ, लेकिन इस कार्यक्रम में फिल्म का निर्देशक या कोई कलाकार शामिल नहीं हो सका।

बीजिंग अंतरराष्ट्रीय बाल महोत्सव के अधिकारी गेविन ली ने बताया कि 16 अक्टूबर से शुरू हुए चार-दिवसीय कार्यक्रम में 62 फिल्में प्रदर्शित की गईं। हालांकि, वीजा नहीं मिल पाने के कारण 'डुपकी' के निर्देशक और इसके कलाकारों की गैर-मौजूदगी में इसे प्रदर्शित किया गया। गेविन ली ने कहा, यह अफसोस की बात है कि फिल्म निर्माताओं को वीजा नहीं मिल सका।

'डुपकी' के निर्देशक अभय पंजाबी ने कहा कि उनकी फिल्म के प्रदर्शन के लिए चयनित होने के बावजूद 'डुपकी' टीम का कोई भी सदस्य बीजिंग जाने के लिए वीजा प्राप्त नहीं कर सका।

# सुरक्षा बलों ने लेह में नहीं निकलने दिया मौन मार्च

## कारगिल में निकाला गया मार्च, प्रशासन पर ताकत के बेजा इस्तेमाल का आरोप

लेह, एजेंसी

संविधान की छठी अनुसूची के तहत राज्य का दर्जा और सुरक्षा उपायों के लिए अपने आंदोलन के हिस्से के रूप में लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) का संयुक्त रूप से बुलाया गया एक नियोजित मौन मार्च शनिवार को यहां अधिकारियों की तरफ से सख्त सुरक्षा उपायों और मोबाइल इंटरनेट को निलंबित करने के कारण विफल रहा। कारगिल में हालांकि शांतिपूर्ण मौन मार्च निकाला गया, जिसमें केडीए नेताओं ने लेह में प्रतिबंधों की निंदा की।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों आंदोलनकारी समूहों द्वारा सुबह 10 बजे से दो घंटे के मौन मार्च और शाम छह बजे से तीन घंटे के 'ब्लैकआउट' के आह्वान के बीच लेह और आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया था। इन समूहों का आह्वान 24 सितंबर को व्यापक हिंसा में जान गंवाने वालों, घायल होने वालों या गैरकानूनी रूप से हिरासत में लिए गए लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए किया गया था। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका के चलते अधिकारियों ने लेह में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है, मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी हैं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को भी बंद करने का आदेश दिया है।





अंजुमन इमामिया के अध्यक्ष और एलएबी के सदस्य अशरफ अली बारचा ने कहा, हमने अपनी मांगों को शांतिपूर्वक उठाने के लिए मौन मार्च का आह्वान किया था, लेकिन प्रशासन ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करके विफलता प्रदर्शित की है। भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात कर लोगों को इकट्ठा नहीं होने दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों को डराने के लिए इस तरह के प्रतिबंध लगाने के बजाय उनके साथ बातचीत करनी चाहिए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अक्टूबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 13 .51 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 17 .49 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज यश मिलने से आपके मन में अहंकार का भाव भी जागृत हो सकता है। वैवाहिक संबंध काफी अच्छे रहेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। किसी पॉलिसी में बड़ा पूंजी निवेश कर सकते हैं। मन में परोपकार का भाव जागृत होगा।

**वृष** – आज गुप्त शत्रु आपको आपके शुभचिंतकों के प्रति भड़काने का प्रयास कर सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में धन बर्बाद हो सकता है। सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। वैचारिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। शुभ समाचार मिलने से पूरा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। भोजन में कुछ अरुचि हो सकती है। मित्रों के साथ करियर को लेकर चर्चा करेंगे। जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझेगा।

**कर्क** – आज व्यापार की चुनौतियों का हल निकाल लेंगे। किसी तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। अपनी आय में वृद्धि के तरीकों पर विचार कर सकते हैं। परिवार के छोटे सदस्यों की प्रसन्नता देखकर आप भी खुश रहेंगे।

**सिंह** – आज घर में धार्मिक आयोजन होने से आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सिद्धांतों के बजाय व्यवहारिक तरीके से समस्याओं का समाधान कर पाएंगे। परिवार के बुजुर्गों के साथ आपका तालमेल बेहतरीन रहेगा।

**कन्या** – आज अधिकांश समय शांत रहेंगे। नकारात्मक लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। मन में उथल-पुथल और द्वंद्व होता रहेगा। ससुराल पक्ष के साथ थोड़े संबंध बिगड़ सकते हैं। घर की देखरेख को समय देना पसंद करेंगे।

**तुला** – आज आपको अच्छे कार्यों के कारण पुरस्कार मिल सकता है। व्यवसाय में नया प्रयोग न करें। करियर के उन्नति के बेहतरीन अवसर आपको मिल सकते हैं। पिछले काफी समय से लंबित कार्य अब शुरू होने के अच्छे योग हैं।

**वृश्चिक** – आज पारिवारिक उत्तरदायित्व का भली-भांति निर्वाह करेंगे। जल्दबाजी में काम करने से हानि हो सकती है। आप शांति से अपना दिन बिताना चाहेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से समय बहुत ही अच्छा है। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी।

**धनु** – आज उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। अधिकारियों के साथ संबंध मधुर रहने वाले हैं। आपके विचारों को समाज में प्रमुखता मिलेगी। कारोबारी यात्रा के लिए जा सकते हैं। वाद-विवाद से आपको बचना चाहिए। कई दिनों बाद प्रेमीजन से मुलाकात होगी।

**मकर** – आज किसी से बड़ा लेन-देन न करें। हृदय रोगियों को दवाइयों और दिनचर्या का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आप जिसका हित करने का प्रयास करेंगे हो सकता है वही आपको धोखा कर दें। भूमि-संपत्ति विवादों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**कुंभ** – आज दूसरों से अधिक अपेक्षा न रखें। राजनैतिक लोगों से आपकी नजदीकियां बढ़ सकती हैं। दांपत्य संबंधों में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप नई परियोजनाओं में निवेश करने की योजना बनाएंगे।

**मीन** – आज बिना मतलब दूसरों के मामलों में न पड़ें। अपनी योजनाओं को फिलहाल अपने तक ही सीमित रखें। नए संपर्क विकसित होने से मन प्रसन्न रहेगा। संतान को शिक्षा में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। परिजनों के लिए खरीदारी कर सकते हैं।

## सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

### सुडोकू - 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |



इंग्लैंड के खिलाफ पिछली विदेशी सीरीज से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला और हमने वहां जीत हासिल की। यह उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से जुड़ा है। टीम का दृष्टिकोण सकारात्मक है और एक सप्ताह के विश्राम के बाद विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार है।
-दीप्ति शर्मा


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

कानपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025


## हाईलाइट

### कमिंस फिट नहीं हुए तो स्मिथ होंगे कप्तान

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने पुष्टि की कि नियमित कप्तान पैट कमिंस अगर एशेज श्रृंखला से पहले कमर की चोट से उबर नहीं पाते हैं तो स्टीव स्मिथ कप्तान होंगे। कमिंस चोट के कारण भारत के खिलाफ रविवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से भी बाहर हैं। उनका 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट में खेलना भी तय नहीं है। बेली ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहापैट नहीं खेल पाते हैं तो स्मिथ कप्तान होंगे। यह रणनीति हमारे लिये पहले भी कारगर रही है। स्मिथ इस सप्ताह न्यूयॉर्क से आस्ट्रेलिया लौट आये हैं और क्रिकेट न्यू साउथवेल्स के मुख्यालय पर अभ्यास शुरू कर दिया है। वह शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में ब्रिसबेन और सिडनी में अगले दो मैचों में न्यू साउथवेल्स के लिए खेलेंगे।

### लैला जापान ओपन के फाइनल में

**ओसाका (जापान) :** कनाडा की लैला फर्नांडीज ने कुछ मुश्किल पलों से गुजरने के बाद शनिवार को यहां 35 वर्षीय सोराना सिर्स्टिया को 6-1 2-6 6-4 से हरा कर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फर्नांडीज ने निर्णायक सेट में 4-4 के स्कोर पर सोराना की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। चौथी वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी का फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेज़ा वैलेंटोवा से होगा। वैलेंटोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में जैकलीन क्रिस्टियन को 6-7(3), 6-4, 6-3 से हराया। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

### पुखराज ने मकाऊ ओपन में कट हासिल किया

**मकाऊ :** भारत के पुखराज सिंह गिल, विराज मडप्पा और एसएसपी चौरसिया ने एसजेएम मकाऊ ओपन गोल्फ में कट में प्रवेश कर लिया। गिल ने पहले दिन पांच अंडर 65 स्कोर के बाद दूसरे दिन तीन ओवर 73 स्कोर किया। वह संयुक्त 43वें स्थान पर है। मडप्पा भी दूसरे दौर में एक ओवर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 43वें स्थान पर हैं। वहीं चौरसिया संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अमन राज, अंशुल कबठियाल और अर्जुन शर्मा कट में प्रवेश नहीं कर सके।

### विश्व चैंपियनशिप में भारत का खराब प्रदर्शन

**एथेंस :** नीरू ढांडा और भौनीश मेंदीरत्ता की भारत की ट्रैप मिश्रित टीम शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप (शॉटगन) के अंतिम दिन खराब प्रदर्शन करते हुए 25वें स्थान पर, जबकि जोरावर सिंह संधू और आशिमा अहलावत की जोड़ी 28वें स्थान पर रही। भारत की दोनों जोड़ियों ने क्वालीफिकेशन राउंड में 137 का समान स्कोर बनाया और चार टीमों के फाइनल में जगह बनाने से काफी अंतर से चूक गईं। स्वर्ण पदक के मुकाबले में इटली ने मैरिनो को 45-40 से हराया, जबकि कांस्य पदक के मैच में अमेरिका ने मिस्र को 39-37 से हराया।




उत्तर प्रदेश के लिए संकट मोचन पारी खेलने वाले रिंकू सिंह। अमृत विचार

# रणजी ट्रॉफी : आंध्र प्रदेश पर भारी पड़े रिंकू सिंह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- धमाकेदार शतक लगाकर यूपी को मुश्किलों से बाहर निकाला और दिलाई बढ़त
- आंध्र प्रदेश के 470 रनों के जवाब में आठ विकेट पर 471 रन बनाए

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी में यूपी के बल्लेबाज रिंकू सिंह आंध्र प्रदेश के खिलाफ अकेले ही भारी पड़ गए। मैच के चौथे व अंतिम दिन नाबाद 165 रनों की शतकीय पारी खेलकर न सिर्फ मुकाबला ड्रा कराया वरन टीम के लिए 3 अंक हासिल किए। आंध्र प्रदेश को 1 अंक मिला।

चौथे दिन 82 रन के साथ उतरे रिंकू ने घरेलू मैदान पर टीम को पिछड़ने से बचाया। पहली पारी में आंध्र प्रदेश के 470 रनों के जवाब में यूपी ने आठ विकेट के नुकसान पर 471 रन बनाकर पारी घोषित की। यूपी टीम ने शनिवार को अंतिम दिन छह विकेट के नुकसान पर 294 रनों से आगे खेलना शुरू किया। इस समय तक टीम संकट के समय से गुजर रही थी। 82 रन के साथ रिंकू और 28 पर विप्रराज ने संभलकर खेलते हुए पारी को आगे बढ़ाया। सातवें विकेट के लिए दोनों के बीच 119 रनों की साझेदारी हुई। रिंकू का शतक पूरा होने के बाद विप्रराज 119 गेंदों में 42 रन बनाकर रशीद की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। इसके बाद रिंकू ने शिवम शर्मा के साथ संभलकर पारी को आगे बढ़ाया और एक छोर से रन तेजी से बनाने का दौर जारी रखा। इसके बाद पीवीएसएन राजू की गेंद पर शिवम 38 रन पर क्लीन बोल्ड हुए। उसके बाद रिंकू ने शिवम मावी (20) के साथ मिलकर खेलते हुए आंध्र प्रदेश पर एक रन की बढ़त बनाकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक आंध्र प्रदेश से 176 रन पीछे चल रही यूपी टीम ने एक रन की बढ़त हासिल कर मुकाबला ड्रा कराया और यूपी को तीन अंक दिलाए। वहीं, मेहमान टीम आंध्र प्रदेश को एक अंक से ही संतोष करना पड़ा।

### 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने रिंकू

रणजी ट्राफी के पहले ही मुकाबले में 'प्लेयर आफ द मैच' बने रिंकू ने अपनी शैली के विपरीत बल्लेबाजी कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके साथ टिके रहने की क्षमता का परिचय देकर टेस्ट क्रिकेट के लिए भी अपनी दावेदारी पेश कर दी। एक छोर पर टिके रिंकू ने धीरे-धीरे रन बटोर को टीम को पिछड़ने से बचाया और विकेट भी संभाले रखा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में कोहली व रोहित पर रहेंगी नजरें

## इस सीरीज के जरिये दोनों के कैरियर की भविष्य को लेकर तय होगी दिशा

**समय : पूर्वाह्न 9 बजे से**

पर्थ, एजेंसी

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उतरेगी तो विराट कोहली और रोहित शर्मा की टीम में वापसी से जुड़े जज्बात के अलावा इस प्रारूप में पूर्णकालिक कप्तान बने शुभमन गिल पर भी नजरें रहेंगी। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के बाद कोहली और रोहित भारतीय टीम में लौटे हैं। पिछले सात महीने में भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल गई है। इस दौरान टी-20 और टेस्ट प्रारूप में कोहली और रोहित के बिना भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ना सीख गया है।

अब सवाल यह है कि वनडे प्रारूप में इन दोनों दिग्गजों के पास देने के लिये क्या है। इसमे कोई दोराय नहीं है कि ये दोनों किसी भी दौर में और किसी भी मानदंड से वनडे क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाएंगे। इस सीरीज के लिए दोनों ने कड़ी मेहनत की है। रोहित ने तो कई किलो वजन भी घटाया है और कोहली लंदन में निजी ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काम कर रहे थे। आईपीएल के बाद दोनों ने क्रिकेट नहीं खेली है लिहाजा खुद को ढालना चुनौतीपूर्ण होगा। दोनों के लिए अच्छी बात यह है कि उनकी वापसी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हो रही है जिसके सामने उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इस सीरीज के जरिये दोनों के कैरियर की भविष्य को लेकर दिशा तय हो सकती है ।

रोहित को अब सिर्फ सीनियर खिलाड़ी के तौर पर टीम में अपनी भूमिका को आत्मसात करना होगा । पिछले दो टी20 और वनडे टूर्नामेंटों को उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को आईसीसी खिताब दिलाये हैं और वह मेलबर्न में आखिरी टेस्ट में भी टीम के कप्तान थे।



भारतीय कप्तान शुभमन गिल (दाएं) और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श एकदिवसीय ट्रॉफी के साथ। एजेंसी

### रोहित, विराट से मेरे रिश्ते में कुछ नहीं बदला है : गिल

**पर्थ :** पिछले कुछ सप्ताह से सोशल मीडिया पर चाहे जो अटकलबाजी चल रही हो, लेकिन भारत के नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली से उनके रिश्ते पहले की तरह मजबूत हैं। मैच के दौरान परेशानी में होने पर वह इन दोनों दिग्गजों से सलाह लेने में हिचकिचायेंगे नहीं। रोहित की जगह गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया गया है। उसके बाद से रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। गिल की कप्तानी में भारतीय टीम रविवार से आस्ट्रेलिा के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। स्वान नदी के किनारे प्रेस कांफ्रेंस में गिल ने कहा बाहर भले ही कुछ भी बातें चल रही हो लेकिन रोहित से मेरे रिश्ते नहीं बदले हैं। जब भी मुझे मदद की जरूरत होती है, वह हमेशा उपलब्ध होते हैं। चाहे वह पिच के बारे में पता करना हो या कुछ भी। उन्होंने कहा मैं उनसे जाकर पूछता हूं कि आपको क्या लगता है। अगर आप कप्तान होते तो क्या करते। विराट भाई और रोहित भाई से मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं और वे सलाह देने से हिचकिचाते नहीं हैं। 26 वर्ष के गिल को पता है कि इन दोनों धुरंधरों की जगह लेना मुश्किल है

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवन, जोश फिलीप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

### भारत के खिलाफ खचाखच भरे स्टेडियम में खेलना शानदार अनुभव होगा: मिशेल मार्श

**पर्थ, एजेंसी :** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने शनिवार को कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के खिलाफ खचाखच भरे स्टेडियम में खेलना उनकी टीम के लिए शानदार अनुभव होगा। ऑस्ट्रेलिया का ध्यान अगले महीने से शुरू होने वाली एशेज सीरीज पर केंद्रित है, लेकिन इससे पहले उसे भारत के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। मार्श ने रोहित और कोहली के खिलाफ खेलने के बारे में मीडिया से कहा मुझे उनके खिलाफ काफी बार खेलने का सौभाग्य मिला। वे निश्चित रूप से खेल के दिग्गज हैं। विराट का इस प्रारूप में लक्ष्य का पीछा करने के मामले में कोई सानी नहीं है। मुझे लगता है कि आप टिकटों की बिक्री से देख सकते हैं कि बहुत से लोग आकर उन्हें देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा भारत के खिलाफ स्टेडियम को खचाखच भरा देखना हमारी टीम के लिए शानदार अनुभव होगा। मार्श ने कहा कि भारत के खिलाफ शृंखला बड़े स्कोर वाली होगी।

# इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजी संयोजन करना होगा दुरुस्त

**समय : दोपहर तीन बजे से**

इंदौर, एजेंसी



इंदौर में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय महिला खिलाड़ी। एजेंसी

लगातार दो मैच हारने के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का दबाव झेल रही भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को महिला विश्व कप के अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिये छठे गेंदबाज को उतारने पर विचार करना होगा।

विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों को उतारने की रणनीति अपनाई है और गेंदबाजों में से तीन हरफनमौला हैं। लेकिन विश्व कप में यह संयोजन सटीक नहीं बैठा और अब 'करो या मरो' के बाकी मुकाबलों में भारत को इस पर पुनर्विचार करना होगा। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये भारत को तीन में से दो मैच हर हालत में जीतने होंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच गेंदबाजों की रणनीति असफल होने के बावजूद आस्ट्रेलिया के खिलाफ इसमें बदलाव नहीं किया गया जिससे एक और पराजय हाथ लगी। दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया ने 251 और 330 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के गेंदबाजी आक्रमण की कलई खोल दी। हरफनमौलाओं को उतारकर बल्लेबाजी को गहराई देने की भारत की रणनीति के चलते रेणुका सिंह जैसी विकेट लेने वाली गेंदबाज की जगह अमनजोत कौर को तरजीह दी गई है। रेणुका की गैर मौजूदगी से भारत का आक्रमण एक जैसा हो गया है और विविधता देने के लिये उन्हें उतारना ही होगा।

### टीम का मनोबल है ऊंचा : दीप्ति

**इंदौर :** सीनियर आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा कि लगातार हार के बावजूद भारतीय टीम का मनोबल पहले की तरह ऊंचा है और एक सप्ताह के ब्रेक से टीम को रविवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले महिला विश्व कप के अहम मुकाबले से पहले एकजुट होने और ध्यान केंद्रित करने का मौका मिला है। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से लगातार हार के कारण भारत को करारा झटका लगा है और अब उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए अपने शेष तीन लीग मैचों में से दो में जीत हासिल करनी होगी। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा हम दो मैच हार गए हैं, लेकिन इससे हमारे मनोबल पर कोई असर नहीं पड़ा है क्योंकि हमने टूर्नामेंट की शुरुआत में दो अच्छे मैच खेले थे।

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.818 |
| द.अफ्रीका | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | -0.440 |
| इंग्लैंड | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 1.864 |
| भारत | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.682 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 1 | 2 | 2 | 4 | -0.245 |
| बांग्लादेश | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -0.676 |
| श्रीलंका | 5 | 0 | 3 | 2 | 2 | -1.564 |
| पाकिस्तान | 5 | 0 | 3 | 2 | 2 | -1.887 |

## न्यूजीलैंड-पाकिस्तान मैच बारिश के कारण रद्द

- दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की

**कोलंबो:** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच महिला एकदिवसीय विश्व कप ग्रुप मैच शनिवार को यहां बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सेमीफाइनल में जगह पक्की हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही अंतिम चार का टिकट पक्का कर लिया था ऐसे में दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी करने के फैसले के बाद बारिश के कारण कई बार रुकावट के बाद स्थानीय समयानुसार रात नौ बजे मैच रद्द कर दिया गया। उस समय पाकिस्तान का स्कोर 25 ओवर में पांच विकेट पर 92 रन था।

# ज्योति ने विश्व कप तीरंदाजी में कांस्य जीतकर इतिहास रचा

नानजिंग (चीन), एजेंसी



भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम। एजेंसी

अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई, जिन्होंने यहां कांस्य पदक हासिल किया।

एशियाई खेल चैंपियन ज्योति ने दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज ब्रिटेन की एला गिब्सन को 150-145 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट में पोडियम पर जगह बनाई। आठ तीरंदाजों के विश्व कप सत्र के फाइनल में भारत की 29 वर्ष की ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रूइज को 143-140 से हराया था। वह सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक तीरंदाज मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा से 143-145 से हार गई। विश्व कप फाइनल में ज्योति तीसरी बार उतरी थी। इससे पहले वह 2022 और 2023 में पहले दौर में बाहर हो गई थी। भारत की मधुरा धमनगांवकर पहले दौर में मैक्सिको की मरियाना बेरनाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गई। भारत को पुरुष कंपाउंड वर्ग में निराशा हाथ लगी। देश के शीर्ष तीरंदाज ऋषभ यादव शूट-ऑफ में नीदरलैंड के पूर्व विश्व चैंपियन माइक श्लोसेर से हारकर कांस्य पदक से चूक गए। दोनों तीरंदाजों ने निर्धारित पांच छोरों पर केवल तीन अंक गंवाए और स्कोर 147-147 से बराबर रहा। शूट-ऑफ भी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों ने परफेक्ट 10 अंक बनाए, पर श्लोएसर का तीर केंद्र के करीब लगा, जिससे यादव बहुत कम अंतर से पदक से वंचित रह गए।

## विश्व जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में तन्वी शर्मा

**गुवाहाटी :** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।


सोलह साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वालीफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गयी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा। पिचिटप्रीचसाक ने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन यातावीमिन केतक्लियेंग को एक गेम से पिछड़ने के बाद 10-15, 15-11, 15-5 से हराकर वापसी की।

**नाराजगी**

**पक्तिका हमले में क्रिकेटरों की मौत के बाद फैसला, 17 नवंबर से होनी थी त्रिकोणीय सीरीज**

# पाकिस्तान में सीरीज नहीं खेलेगा अफगानिस्तान

काबुल, एजेंसी



अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में पाकिस्तानी हमलों में मारे गए अफगानी क्रिकेट।

अफगानिस्तान ने पक्तिका में तीन अफगान क्रिकेटरों की हत्या के बाद पाकिस्तान की भागीदारी वाली आगामी त्रिकोणीय टी-20 सीरीज से नाम वापिस ले लिया है। अफगानिस्तान ने इसे पाकिस्तानी शासन द्वारा कराया गया कायरतापूर्ण हमला करार दिया है।

पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच सीरीज 17 से 29 नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जानी थी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तल्ख बयान में कहा कि अपने खिलाड़ियों कबीर, सिबगतुल्लाह और हारून की शहादत से वह काफी दुखी हैं जिनकी पकतीका प्रांत के अरगुन जिले में पांच अन्य के साथ हत्या कर दी गई थी जब वे प्रांत की राजधानी शराना से एक दोस्ताना मैच खेलकर लौट रहे थे। इस घटना में सात अन्य घायल हुए हैं। एसीबी ने एक बयान में कहा अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पक्तिका प्रांत के अरगुन जिले में अपने बहादुर क्रिकेटरों की शहादत पर दुख व्यक्त करता है । पाकिस्तानी शासन ने एक कायरतापूर्ण हमले में उन्हें निशाना बनाया। इसमें कहा गया अफगानिस्तान के खेल जगत, खिलाड़ियों और क्रिकेट परिवार के लिये यह बड़ी क्षति है। पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और इस घटना की जवाबी कार्रवाई में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नवंबर के आखिर में पाकिस्तान में होने वाली त्रिकोणीय टी-20 सीरीज से नाम वापिस लेने का फैसला किया है। बयान में कहा गया अल्लाह सभी शहीदों को जन्नत बख्शे और घायलों को जल्दी स्वस्थ करे। विभिन्न रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत के अरगुन और बरमाल जिलों में हवाई हमले किए हैं जिससे दोनों देशों के बीच संघर्षविराम भी खत्म हो गया है। पूर्व कप्तान गुलबदिन नायब ने कहा पक्तिका के अरगुन में कायरतापूर्ण सैन्य हमले से हम दुखी हैं जिसमें कई मासूम नागरिकों और क्रिकेटरों की जानें गई हैं।

### राशिद खान ने हमले की निंदा की



अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमलों में नागरिकों की मौत से वह काफी दुखी हैं। उन्होंने एक्स पर एक बयान में लिखा नागरिक ठिकानों पर हमला करना अनैतिक और बर्बर है । यह अन्यायपूर्ण और गैर कानूनी कार्रवाई मानवाधिकार का हनन है और इस पर ध्यान जाना चाहिए। राशिद ने कहा मासूमों की मौतों को देखते हुए मैं पाकिस्तान के साथ आगामी सीरीज नहीं खेलने के एसीबी के फैसले के साथ हूं। कठिन समय में अपने वतन के लोगों के साथ हूं। हमारे देश की गरिमा से बढकर कुछ नहीं है।